श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 272, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    शुक्रवार 28 अक्टूबर 2022    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# 'पीओके को दोबारा हासिल करेंगे'

**बडगामः** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर में निर्दोष भारतीयों पर अत्याचार कर रहा है। उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। सरकार का मकसद 22 फरवरी 1994 को भारतीय संसद में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को लागू करना है, ताकि भारत से छीने गए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में गिलगित और बाल्टिस्तान जैसे शेष हिस्सों को दोबारा हासिल किया जा सके। रक्षामंत्री ने श्रीनगर में 'शौर्य दिवस' समारोह के दौरान यह बात कही। गौरतलब है कि 1947 में भारतीय सेना के हवाई अभियानों और आजाद भारत की पहली सिविल-मिलिट्री जीत की याद में इन्फेंट्री डे बडगाम एयरपोर्ट पर मनाया गया।

**आतंकवादियों को उद्देश्य भारत को निशाना बनाना- राजनाथः** सिंह ने कहा- पाक मानवाधिकार के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहाता है। ढङ्गङ के लोगों का दर्द हमें ही नहीं बल्कि उन्हें भी परेशान करता है। आतंकवाद के 'तांडव' को जम्मू-कश्मीर ने कश्मीरियत के नाम पर देखा है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। आतंकवादियों का एकमात्र उद्देश्य भारत को निशाना बनाना है। सिंह ने दावा किया कि पिछले कुछ सालों में जब-जब हमने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की, कुछ बुद्धिजीवियों ने मानवाधिकारों के उल्लंघन का रोना रोया। लेकिन, 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर-के केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त कर दिया।

**डकोटा एयरक्राफ्ट से जवानों के उतरने का दृश्य दिखायाः** भारतीय सेना के जवानों ने शौर्य दिवस के मौके पर 1947 में हुए पाकिस्तानी हमले का नाटकीय रूपांतरण दिखाया।



## बुनियादी ढांचा बलों की संचालन क्षमता को बढ़ाएगा

**चीन** सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर न्योमा एयरबेस अपग्रेड होने के बाद क्षेत्र में लड़ाकू और प्रमुख परिवहन विमानों के संचालन करने में आसानी होगी। इस हवाई क्षेत्र से चीन के किसी भी दुस्साहस पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में सक्षम होगी। चीन के साथ गतिरोध शुरू होने के बाद से न्योमा हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल सैनिकों और आपूर्ति के परिवहन के लिए किया गया है। चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टरों ने चीन सीमा पर तैनात सैनिकों की सहायता के लिए नॉन-स्टॉप काम किया है।

न्योमा एयरबेस के मुख्य संचालन अधिकारी ने कहा कि यह एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड न्योमा में हवाई संचालन बुनियादी ढांचा बलों की संचालन क्षमता को बढ़ाएगा।

## एलएसी के पास न्योमा एयरबेस अपग्रेड करेगी वायु सेना

**नई दिल्ली।** चीनी बुनियादी ढांचे का मुकाबला करने के लिए भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से महज 50 किमी. की दूरी पर न्योमा एयरफील्ड को अपग्रेड करेगा। इसके बाद वायु सेना यहां से लड़ाकू विमानों का संचालन करने के साथ ही दुश्मनों के किसी भी दुस्साहस से निपटने की क्षमता को मजबूत करेगी। यह एयरबेस चीन सीमा पर एलएसी के सबसे नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील होने के साथ ही महत्वपूर्ण भी है। 2009 को शिलान्यास किये गए न्योमा एयरफील्ड को अपग्रेड करने का फैसला चीनी बुनियादी ढांचे की विकास गतिविधियों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

# दिल्ली में कचरे पर बीजेपी-आप का प्रदर्शन

**नई दिल्लीः** दिल्ली में एमसीडी चुनाव के पहले कूड़े पर सियासत तेज हो गई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के गाजीपुर दौरे से पहले भाजपा और आप के कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल किया। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। हंगामे के कुछ देर बाद केजरीवाल गाजीपुर में कूड़े का पहाड़ देखने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 15 साल में कूड़े के तीन पहाड़ दिए। दिल्ली को कूड़े का ढ़ेर बना दिया। इस बार का एमसीडी चुनाव कूड़े के मुद्दे पर होगा। सीएम ने चुनौती दी कि भाजपा बताए कि एमसीडी में पिछले 15 साल में क्या काम किया?

**भाजपा ने केजरीवाल गो बैक के नारे लगाएः** भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में काले झंडे लेकर केजरीवाल गो बैक के नारे लगाए। पहले भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसके तुरंत बाद आप कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल गाजीपुर कूड़े पर पॉलिटिक्स कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि एमसीडी चुनाव के समय केजरीवाल को गाजीपुर की याद आ रही है। केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने दिल्ली में क्या काम किया, ये मुझसे पूछने की जरूरत नहीं है, दिल्ली के लोग ही बता देंगे। केजरीवाल ने गृहमंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे गालियां दीं। मुझ पर दिल्ली एमसीडी को फंड न देने का आरोप लगाया। मैं गृह मंत्री से पूछना चाहता हूं कि आपने दिल्ली में एमसीडी को कितना फंड दिया है? दिल्ली को केंद्र शासित प्रदेश कहकर अपनी जिम्मेदारी से वो दूर भागते हैं।




**मेरे खिलाफ सारी असुर शक्तियां एक हो गई है- केजरीवालः** दिल्ली सीएम ने कहा, 'मेरे खिलाफ सारी असुर शक्तियां एक हो गई हैं। भाजपा डरी हुई है। एमसीडी चुनाव होने वाले थे, लेकिन टाल दिए गए। परिसीमन में गड़बड़ी करके सोच रहे हैं कि भाजपा जीत जाएगी। इस बार भाजपा वाले भी वोट नहीं देंगे। जो लोग विरोध कर रहे हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि तुम्हारे बच्चों को मैं ही पढ़ाऊंगा, अस्पताल हम

# एलएसी के पास भारत-यूएस करेंगे मिलिट्री ड्रिल

**नई दिल्लीः** भारत-चीन तनाव के बीच चीन से लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भारत और अमेरिका मिलिट्री ड्रिल करेंगे। साल खत्म होते-होते भारत 3 बड़े युद्धाभ्यास एक-साथ करने जा रहा है। ये सभी मिलिट्री एक्सरसाइज 8 नंवबर से शुरू हो जाएंगी। 11 दिसंबर तक चलने वाली इन मिलिट्री एक्सरसाइज में भारत अपनी सैन्य ताकत दिखाएगा।

**उत्तराखंड के औली में होगी भारत-वर की ड्रिलः** भारत और अमेरिका 15 नवंबर से 2 दिसंबर तक एलएसी के पास युद्धाभ्यास करेंगे। एक्सरसाइज उत्तराखंड के औली में होगी। ये इलाका एलएसी से महज 100 किलोमीटर दूर है। एक अधिकारी ने कहा- युद्धाभ्यास में दोनों देशों के करीब 350-350 सैनिक शामिल होंगे। पहाड़ों और बेहद ठंडे इलाकों में इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स को परखा जाएगा। एक साल ये एक्सरसाइज भारत में होती है और एक साल अमेरिका में। पिछले साल ये युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का में किया गया था। उत्तरांखड से सटा चीन बॉर्डर भारतीय सेना के सेंट्रल सेक्टर का हिस्सा है।



# कश्मीरी पंडित देश में शरणार्थी की तरह जीवन यापन के लिए मजबूर : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कश्मीरी पंडित देश में शरणार्थी की तरह जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि इस वर्ष कश्मीर में 30 टारगेट किलिंग हो चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर से पंडितों का पलायन तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने यूपीए द्वारा किए गए अच्छे कामों को बर्बाद कर दिया है। सत्ता में आने से पहले पीएम मोदी इस मुद्दे पर बड़ी-बड़ी बातें करते थे लेकिन इस समय कश्मीरी पंडितों के मुद्दे पर शांत हैं। उल्लेखनीय है कि पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी आज कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान जम्मू-कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि वहां लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर हैं।

कांग्रेस के समय में जम्मू के बाहर जगती टाउनशिप में कश्मीरी पंडितों को बसाने के लिए कलस्टर बनाए गए थे, तब 4500 कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को वहां बसाया गया था। वहां स्थिति सामान्य हो गई थी।



## बागवानी फसलों के उत्पाद में बढ़ोतरी का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश के किसान बागवानी फसलों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि हर वर्ष बागवानी फसलों के उत्पादन में वृद्दि हो रही है। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय ने गुरुवार को वर्ष 2021-22 के लिए बागवानी फसलों के क्षेत्र और उत्पादन का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। इसके अनुसार 28.08 मिलियन हेक्टे. में 342.33 मिलियन टन रिकार्ड बागवानी उत्पादन होने का अनुमान है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसके लिए बागवानी के किसानों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों को बधाई दी है।

## उज्जैन में 'महाकाल लोक' को अब कांग्रेस भुनाएगी !

**भोपालः** उज्जैन में महाकाल लोक को अब कांग्रेस भी भुनाना चाहती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मध्यप्रदेश रूट में बदलाव की तैयारी है। इसके मुताबिक राहुल अब महाकाल मंदिर भी जाएंगे। उज्जैन में जनसभा भी होगी। नर्मदा पूजन के बाद राहुल, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली महू भी जाएंगे। कांग्रेस का उज्जैन से हिंदू और महू से दलित-आदिवासी वोटर्स को आकर्षित करने का प्लान है। राहुल की यात्रा इंदौर से गुजरेगी। गुरुवार को 10 कांग्रेसी नेता रूट स्कैनिंग करेंगे। इसके बाद ही फाइनल प्लान बनाया जाएगा। बता दें, पहले ये रूट राहुल की यात्रा चार्ट में शामिल नहीं थे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुरहानपुर के रास्ते 20 नवंबर को मध्यप्रदेश में एंट्री करेगी।

प्रदेश में यात्रा के प्रभारी पीसी शर्मा के साथ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, जीतू पटवारी, मुकेश नायक, अरुण यादव, महेंद्र जोशी, बाला बच्चन, रवि जोशी समेत करीब 10 नेता पूरे रूट का दौरा करेंगे। जिन जगहों पर यात्रा विश्राम करेगी, कांग्रेस नेता उन स्पॉट्स का निरीक्षण करेंगे।

# टी-20 : भारत ने नीदरलैंड को 56 रन से हराया

**सिडनी।** भारत ने गुरुवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में नीदरलैंड को 56 रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली (नाबाद 62), सूर्यकुमार यादव (नाबाद 51) और कप्तान रोहित शर्मा (53) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत अपने 20 ओवरों में 2 विकेट पर 179 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी।

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की शुरूआत खराब रही और पहले 10 ओवरों में ही 47 रनों के स्कोर पर विक्रमजीत सिंह (01), मैक्स ओडाउड (16) और बेस डी लीडे (16) पवेलियन लौट गए। इसके बाद नीदरलैंड के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे औ? टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। नीदरलैंड की तरफ से टिम प्रींगल ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। शारीज अहमद 16 और पॉल वेल मिकरेन 14 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने 2-2 व मोहम्मद शमी ने 1 विकेट लिया। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरूआत खराब रही और केवल 11 रन के कुल स्कोर पर केएल राहुल 9 रन बनाकर पॉल वेन मिकरेन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। हालांकि गेंद लेग स्टम्प से बाहर जी रही थी, यदि राहुल ने डीआरएस लिया होता तो बच जाते।




## कोयंबटूर ब्लास्ट केस में एनआईए ने दर्ज की एफआईआर

**कोयंबटूरः** 23 अक्टूबर को कोयंबटूर में हुए कार ब्लास्ट का आतंकी कनेक्शन मिलने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। गृह मंत्रालय के काउंटर टेररिज्म एंड काउंटर रेडिकलाइजेशन डिवीजन के आदेश के बाद एनआईए ने मामला दर्ज किया और आतंकवाद विरोधी एजेंसी को मामले की जांच शुरू करने के लिए कहा। उधर कोयंबटूर पुलिस का कहना है कि मृतक मुबीन के घर से जब्त विस्फोटक को ऑनलाइन खरीदा गया था। मुबीन के घर से अमेजन और कई कूरियर सर्विस के बॉक्स मिले हैं।

**बम बनाने में इस्तेमाल किया था विस्फोटकः** कोयंबटूर के पुलिस कमिश्नर बालकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौके से बरामद सामग्री का इस्तेमाल कम विस्फोटक वाले बम बनाने में किया गया। मुबीन के घर की जांच के दौरान उसके घर के बाहर अमेजन के कुछ खाली बक्से पाए गए। घर से 75 किलोग्राम विस्फोटक मिलने के बाद पुलिस ने कहा कि उसकी मंशा और बम बनाने की थी। मुबीन के घर से पोटैशियम नाइट्रेट, चारकोल, एल्युमीनियम पाउडर और सल्फर जब्त किया गया।

# टाटा समूह बनाएगा 40 परिवहन विमान सी-295

**नई दिल्ली।** 'मेक इन इंडिया' के तहत टाटा समूह वडोदरा में वायु सेना के लिए फ्रांसीसी परिवहन विमान सी-295 का निर्माण करेगा। पहले 16 विमानों का उत्पादन स्पेन में होगा और यूरोपियन कंपनी एयरबस चार साल के भीतर 'फ्लाइंग मोड' में भारत को आपूर्ति करेगी। शेष 40 विमानों का निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के वडोदरा में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक वायु सेना के लिए 40 फ्रांसीसी परिवहन विमान सी-295 का निर्माण टाटा समूह वडोदरा में करेगा। स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ 56 सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान खरीदने का सौदा पिछले साल 24 सितम्बर को फाइनल हुआ था। उस समय ही तय हुआ था कि अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 48 महीनों के भीतर स्पेन की कम्पनी भारत को 16 विमानों की 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करेगी। बाकी 40 विमानों का निर्माण टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 अक्टूबर को गुजरात के वडोदरा में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखेंगे। वायु सेना के वाइस चीफ एयर मार्शल संदीप सिंह ने बताया कि भारतीय वायु सेना अंततः इस सी-295 परिवहन विमान की सबसे बड़ी परिचालक बन जाएगी। परिवहन विमान का निर्माण उच्चतम स्वदेशी सामग्री से किया जायेगा। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि भारत में बने विमानों की आपूर्ति 2026 से 2031 के बीच की जाएगी जबकि स्पेन से 16 विमान बनकर 2023 से 2025 के बीच आएंगे।

परिवहन विमान का 96 प्रतिशत निर्माण भारतीय संयंत्र में किया जाएगा। विमान के लिए इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बनाएगी।



# स्वस्थ होने के बाद ही मोकामा उपचुनाव में करेंगे प्रचार : नीतीश कुमार

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गुरुवार को गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मोकामा उपचुनाव में प्रचार करने स्वास्थ्य होने के बाद ही जायेंगे। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा उपचुनाव में प्रचार करने जाने के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हम स्वस्थ हो जायेंगे तभी कुछ कह सकते हैं। हमारी पार्टी के सभी नेता चुनाव प्रचार में जा रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा भारतीय मुद्रा पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की तस्वीर लगाए जाने की मांग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग क्या-क्या मांग करते रहते हैं।



## खबर संक्षेप

### 29 को रामनगर में लगेगा स्वेक्षिक रक्त दान शिविर

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरूवा रामनगर में 29 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर स्वेक्षिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है जो 10 से 2 बजे तक चलेगा। रक्त दान शिविर में 18 वर्ष से 65 वर्ष का कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति ब्लड डोनेशन कर सकता है। उक्त विषय में अधिक जानकारी के लिए डा0 दुष्यन्त सिंह पटेल , आशीष द्विवेदी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक से मोबाइल नंबर 9515035907 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

### ड्यूटी पर जाने के लिए निकला अधेड़ लापता,

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के मवैया पीएसएल के समीप रहने वाले 45 वर्ष रघुनाथ 14 अक्टूबर से लापता है। उसकी पत्नी सुनीता देवी ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि 14 अक्टूबर की सुबह 9:00 बजे उसके पति रमेश उर्फ ननकू पाल पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ पाल घर से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। सभी संभावित स्थलों पर उनकी खोज की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अनहोनी की आशंका से परेशान होकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर रमेश पाल की खोजबीन शुरू कर दी है।

# अरीवा कंपनी के पास चलती विक्रम से फेंकी गई छात्रा की मौत, चक्काजाम



**29 सितंबर को बदमाशों ने छात्रा के कान की बाली नोंचकर विक्रम से फेका था, घटना के बाद से ही कोमा में थी छात्रा, मंगलवार को इलाज के दौरान हुई मौत, औद्योगिक क्षेत्र के महुवारी गांव के पास बुधवार को छात्रा का शव रख लगाया जाम**

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** क्षेत्र के अरीवां कंपनी के पास 29 सितंबर को बीएससी की छात्रा की कान की बाली नोंचने के बाद उसे चलती विक्रम से नीचे फेंक दिया था। जिसके बाद से ही छात्रा कोमा मे थी। मंगलवार को छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने महुवारी गांव के सामने शव रख चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। औद्योगिक क्षेत्र थाना के महुवारी गांव में स्थित अपने ननिहाल मे रहने वाली रितिका श्रीवास्तव 19 हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय से बीएससी कर रही थी। 29 सितंबर को जब वह विक्रम से घर जा रही थी। उसी दौरान अरीवा कंपनी के पास विक्रम में सवार नशेड़ियों ने उसकी कान की बाली छीनकर उसे चलती विक्रम से फेंक दिया गया था। जिसके बाद से ही वह कोमा मे जिंदगी और मौत से जूझ रही थी। मंगलवार को रितिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उसके परिजन ने शव लेकर महुवारी गांव पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र समेंत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। काफी मान-मनौव्वल के बाद रितिका के मामा जितेंद्र श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम करछना गणेश कुमार कन्नौजिया को दिया। जिसमें उन्होने प्रभारी नैनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करना, भरण पोषण के लिए पच्चीस लाख्श रूपए मुआवजा, आरोपियों की गिरफ्तारी, एफआईआर को संसोधित कर उसमें हत्या की धारा बढ़ाना व सड़क पर बेतरतीब और बिना परमिट के चल रही विक्रमों को चलने से बंद कराने की मांग की। एसडीएम व पुलिसकर्मियों के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

## श्रद्धांजलि सभा में जुटे लोग अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

**करछना।** अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक पं हुबलाल द्विवेदी के निधन पर उनकी स्मृति में बृहस्पतिवार को उनके पैतृक आवास हनुमानपुर गांव में एक सार्वजनिक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें लोगों की भीड़ जुटी रही। लोगों की ओर से उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही साथ उनको याद करके नमन भी किया गया। इस मौके पर करछना के पूर्व विधायक आनंद कुमार उर्फ कलेक्टर पांडेय पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय भाजपा यमुनापार के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय पूर्व सहायक राजस्व निरीक्षक विद्या कांत मिश्र कांग्रेस पार्टी के रंगराज सिंह व दिनेश सोनी पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना विजय कुमार मिश्र अधिवक्ता महेश चंद्र मिश्र धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह निदौरी ग्राम प्रधान पंकज पांडेय पूर्व ग्राम प्रधान श्री कृष्ण मिश्र पूर्व ग्राम प्रधान धरवारा पवन कुमार मिश्र पूर्व ग्राम प्रधान घोरहट नन्हे पांडेय भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राम भवन द्विवेदी तीरथ राज पांडेय अलख नारायण शुक्ल भाजपा नेता प्रमोद मिश्र कमला शंकर तिवारी श्याम नारायण तिवारी पूर्व प्रधानाध्यापक राम अभिलाष तिवारी अनंतराम मिश्र आईटीआई नैनी के पूर्व अध्यक्ष केके तिवारी राजेश चंद्र तिवारी पंकज त्रिपाठी पूर्व ग्राम प्रधान संत शरण शुक्ल समाजसेवी राम अनुग्रह तिवारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मेड़ काटने के विरोध पर महिला को मार पीट कर किया बेहोश केस दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा दयाराम में मेड़ काटने का विरोध पर विपक्षियों ने महिला को मार पीट कर बेहोश कर दिए। महिला ने आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है। मऊआइमा के कटरादयाराम निवासी कृष्णा देवी पत्नी शैलेस सिंह का आरोप है कि उसके खेत का मेड विपक्षी काट रहे थे। आरोप है कि मना करने पर उसे और परिवार के अन्य सदस्यों को मारे पीटे तथा उसे मार कर बेहोश कर दिए। कृष्णा देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर राजू पटेल ,सिमरन, ,हरिश्चंद्र, बबलू , विजय भुल्लेरे के खिलाफ संगीन धाराओ में केस दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा...

### भडेवरा में ताडका वध रामलीला मंचन में जुटी भारी भीड़



**करछना।** नवयुवक रामलीला कमेटी भडेवरा के कलाकारों की ओर से बुधवार रात में ताड़का वध नामक रामलीला का रोमांचक मंचन किया गया । जिसमें मुनियों की ओर से किए जा रहे यज्ञ को राक्षस लोग नष्ट कर देते थे । मुनि विश्वामित्र ने महाराज दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण की मांग की ।राजा दशरथ इस पर नहीं तैयार हो रहे थे। गुरु वशिष्ट के समझाने पर उन्होंने राम और लक्ष्मण को विश्वामित्र को सौंप दिया । राम और लक्ष्मण के रक्षार्थ हेतु विश्वामित्र यज्ञ अनुष्ठान करने लगे। इसी बीच ताड़का नामक राक्षसी का आगमन होता है। और राम ने उस राक्षसी को अपने बाण से बध कर दिया । वधपश्चात जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा । दशरथ का अभिनय स्वामी शुक्ल व विश्वामित्र का अभिनय सोनू ओझा ने किया। रामलीला मंचन के संयोजक विजय कुमार ओझा व व्यवस्थापक सोनू ओझा की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर व्यास रविंद्र नाथ मिश्र कमेटी के उपाध्यक्ष प्रभा कांत ओझा डायरेक्टर देव प्रभाकर ओझा उप निदेशक सुनील कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष राम बल्लभ ओझा धर्मेंद्र कुमार शर्मा देव कांत ओझा शरद कुमार ओझा श्याम प्रभाकर ओझा कृष्ण बल्लभ ओझा पंकज कुमार ओझा वेद प्रकाश ओझा मोनू ओझा शुभम मिश्रा गौरव राहुल विश्वकर्मा गुड्डू ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

**भडेवरा में धनुष यज्ञ का मंचन आज :** करछना। नवयुवक रामलीला कमेटी भडेवरा के कलाकारों की ओर से रामलीला मंचन के चौथे दिन शुक्रवार की रात में ऐतिहासिक धनुष यज्ञ नामक रामलीला खेली जाएगी । जिसमें परशुराम व लक्ष्मण संवाद भी आयोजित होगा । जिसकी तैयारी कलाकारों की ओर से विशेष रुप से की जा रही है । यह जानकारी रामलीला मंचन के संयोजक विजय कुमार ओझा व्यवस्थापक सोनू ओझा एवं निदेशक देव प्रभाकर ओझा ने संयुक्त रुप से दी है । उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से धनुष यज्ञ सहित परशुराम लक्ष्मण संवाद नामक रामलीला मंचन को देखने की पुरजोर अपील की है।

### ब्लाक प्रमुखों ने चांदी का मुकुट पहनाकर कोरांव विधायक को किया सम्मानित



**रत्योरा।** विधानसभा कोरांव के विधायक राजमणि कोल को ब्लाक प्रमुख संघ प्रयागराज के सभी ब्लाक प्रमुखों के द्वारा विधायक के आवास पर पहुंच कर चांदी का मुकुट पहना कर सम्मानित किया। ब्लॉक प्रमुखों को अविश्वास को लेकर विधायक राजमणि कोल ने सदन में सर्वप्रथम मामले उठाते हुए ब्लाक प्रमुखों पद के अविश्वास को लेकर नियम में संशोधन की आवश्यकता है जिस पर कैबिनेट की बैठक में ब्लाक प्रमुख अविश्वास अध्यादेश संशोधन की मंजूरी दे दी । संशोधन के पूर्व एक वर्ष पूर्ण होने के बाद जहां अविश्वास की कार्रवाई मान होती थी। वही अब संशोधन में अविश्वास कराने वाले को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की 2 वर्ष का इंतजार करना पड़ेगा। 2 वर्ष बाद ही किसी भी ब्लॉक प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। इतना ही नहीं संशोधन अध्यादेश में यह भी है कि अविश्वास प्रस्ताव करने वाले को दो तिहाई बहुमत सिद्ध करना होगा विधायक राजमणि कोल ने कहा कि मेरे द्वारा किए गए प्रयास से आज पूरे प्रदेश में अध्यादेश में संशोधन करते हुए ब्लॉक प्रमुखों के हितों को लेकर मैं सदैव तत्पर रहूंगा । उन्होंने कहा कि किसी भी लड़ाई के लिए जिले से लेकर प्रदेश तक आपकी आवाज बनकर सदा खड़ा मिलूंगा । सम्मानित करने के दौरान उपस्थित ब्लाक प्रमुखों में मुकेश कोल ब्लॉक प्रमुख कोरांव, गंगा मिश्रा प्रमुख प्रतिनिधि मेजा ,पप्पू गौतम प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा ,डब्लू यादव कमलेश दुबे लल्ले सिंह आज ब्लाक प्रमुख मौजूद रहे।

### मेले में जाने वाले लोगों को जाम से हुई भारी परेशानी



**जसरा।** यम द्वितीया पर दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन अमरेहा रेलवे फाटक को पार करके लोगों को जाना पड़ रहा है। ऐसे में भैदपुर भीटा जाने वाली सड़क काली न होने के कारण लोगों को घंटो जाम से जूझना पड़ रहा है। अमरेहा रेलवे फाटक के गेट नंबर 426 को पार करके यमद्वितीया मेले में जाने वाले यात्रियों को घंटों जाम में फंसने के कारण जाम से जूझना पड़ा। ग्राम प्रधान अमरेहा राम मनोहर कुशवाहा ने बताया कि इस मार्ग से होकर गौहनिया, अमरेहा, बुदांवा, टिकरी तालुका कंजासा, रेही,बैजला,चामू,असरवई,पवंरी,पवंर,ठनठनवा, बजहिया,कांटी आदि के गांवों के लोगों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। मेले के कारण अमरेहा से भैदपुर भीटा जाने वाली सड़क छतिग्रस्त होने के कारण आने जाने वाले लोगों को भारी फजीहत उठानी पड़ रही है। जब कि रेलवे को पार करते समय लोग अपनी जान हथेली पर रखकर आते जाते हैं। वहीं अप्पे चालक अपने अपने वाहनों से सवारियों को ढो रहे हैं। ग्रामीणों ने छतिग्रस्त सड़क को बनवाने के लिए स्थानीय विधायक सहित सांसद तक को जानकारी दे चुके हैं। इस सड़क के बन जाने से लोगों का आवागमन ठीक हो जाएगा।

### प्रभु श्रीराम कण-कण में हर हृदय में विद्यमान हैं : रमेश पांडेय



**जंघई।** आदर्श रामलीला समिति पतवां का उद्घाटन भाजपा नेता रमेश पांडेय द्वारा किया गया।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता रमेश पांडेय ने कहा कि प्रभु श्रीराम कण-कण में हैं वे हर हृदय में विद्यमान हैं राम के बिना न तो किसी का कल्याण संभव है और न ही मोक्ष की प्राप्ति होगी। मानव को अहंकार का त्याग करना चाहिए अगर इंसान में अहंकार हो तो भक्ति का दर्शन नहीं होगा दूसरे को सही रास्ता दिखाने वाला ज्यादा सुखी होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष मुन्ना पांडेय, प्रभाशंकर पांडेय, फूलचंद पांडेय, रमाशंकर पांडेय, दीपक पांडेय, सोनू, रोहित पांडेय, सभाशंकर पांडेय, अनिल यादव, संजय पांडेय, चंद्रेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जमुनापार महोत्सव में सात दिन होगी रामकथा

**छात्र स्तरीय विविध प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, लोक कलाकार मनमोहक प्रस्तुतियों से बांधेंगे समां**

**बाल कवि दरबार, रामलीला मंचन और प्रतिभा सम्मान समारोह से अनुरंजित होगा 24 वां महोत्सव**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित सात दिवसीय 24 वां जमुनापार महोत्सव 9 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। अपनी माटी, परिपाटी,संस्कृति,संस्कार,लोक कला,साहित्य और प्रतिभा विकास को एक ही मंच पर संजो रहे महोत्सव में मुख्य रूप से सात दिवसीय रामकथा आयोजित की गई है। प्रति दिवस सायं ३बजे से प्रयागपीठ के स्वामी विनोदानन्द सरस्वती जी महाराज रामकथा के मुख्य प्रवाचक होंगे।इसके अलावा विभिन्न दिवसों पर जमुनापार के विद्यालय स्तरीय बच्चों की वाद विवाद, निबन्ध, लोकगायन, लोकनृत्य, रंगोली, बालकवि दरबार,सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। तीन दिवसीय सायं कालीन रामलीला मंचन भी महोत्सव का विशिष्ट आकर्षण होगा,जिसमें क्षेत्रीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अपनी पूर्व परंपरा के अनुसार महोत्सव के समापन दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा की पहचान बनाने वाले जमुनापार और प्रयाग की माटी से जुड़ी हुई विभूतियों का मंच पर सम्मान समारोह आयोजित होगा। जमुनापार जागृति मिशन द्वारा आयोजित महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। संयोजक डॉ.भगवत पांडेय और आयोजन समिति ने क्षेत्रीय जनमानस से अपनी गरिमामई उपस्थिति से सात दिवसीय महोत्सव को सफल बनाने की है।

## रेलवे पुलिया का पानी निकाल रास्ता किया बहाल किया

**करछना।** तहसील क्षेत्र से गुजरी रेल लाइन हावड़ा दिल्ली मार्ग पर बसरिया गांव के पास नवनिर्मित रेलवे पुलिया में बरसात का पानी जमा हो जाने से आधा दर्जन से अधिक गांव का संपर्क मार्ग विगत 6 महीने से बंद हो गया था जिसमें दर्जनभर से अधिक स्कूल के छात्रों का आवागमन प्रभावित हो गया था बता दें कि बसरिया गांव के पास रेलवे लाइन पुलिया का निर्माण कराया गया था जिसमें बरसात का पानी भर गया और उसमें मिट्टी और दलदल के कारण आवागमन जारी मलैया मार्ग अवरुद्ध हो गया था इस मार्ग से मुंगारी गांव समेत बेदौ, रामपुर, बसरिया ,करछना , चनैनी, कबरा रवनिका आदि गांव का इस पुलिया के नीचे से आवागमन रहता था लेकिन रेलवे द्वारा पुलिया में पानी भर जाने के बाद ग्रामीणों ने कई बार शिकायत किया लेकिन विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई आवागमन में हो रही दिक्कत को लेकर बसरिया गांव के समाजसेवी अजीत कुशवाहा सहित दर्जनों लोग इंजन लगाकर पानी निकाल कर जेसीबी से कचरा निकलवा कर आवागमन को बहाल कराया समाजसेवियों की पहल पर क्षेत्र के लोगों ने सराहना की।

# बहनों ने भाइयों को टीका व आरती उतार कर की दीघार्यु की कामना



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** यम द्वितीया का त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह, कामना, आशीर्वाद के प्रतीक का पर्व है। भाई दूज (भातृद्वितीया) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाला हिन्दू धर्म का पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। भाईदूज में हर बहन गोवर्धन पूजा की उपरांत रोली एवं अक्षत से अपने भाई का तिलक कर उसके उज्वल भविष्य के लिए आशीष देती हैं। भाई अपनी बहन को कुछ उपहार या दक्षिणा देता है। भाईदूज दिवाली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह, आशीर्वाद को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना भी करती हैं। ऐसी मान्यता है कि यम देवता ने अपनी बहन यमी (यमुना) को इसी दिन दर्शन दिया था, जो बहुत समय से उससे मिलने के लिए उत्सुक थी। अपने घर में भाई यम के आगमन पर यमुना ने प्रफुल्लित मन से उसकी आवभगत की। यम ने प्रसन्न होकर उसे वरदान दिया कि इस दिन यदि भाई-बहन दोनों एक साथ यमुना नदी में स्नान करेंगे तो उनकी मुक्ति हो जाएगी। इसी कारण इस दिन यमुना नदी में भाई-बहन के एक साथ स्नान करने का बड़ा महत्व है। इसके अलावा यमी ने अपने भाई से यह भी वचन लिया कि जिस प्रकार आज के दिन उसका भाई यम उसके घर आया है, हर भाई अपनी बहन के घर जाए तो उसके ऊपर आप यानी यमराज का प्रकोप उस पर ना पड़े। तभी से भाईदूज मनाने की प्रथा चली आ रही है। इसी प्रकार सहसों सहित सिंगरामऊ, देवनहरी, रामनाथ पट्टी आदि गांव में बहनें पीढियों पर चावल के घोल से चौक बनाकर इस चौक पर भाई को बैठा कर बहनो ने रोली का टीका अक्षत लगा कर आरती उतारी तथा मुंह मीठा करा कर दीघार्यु की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

**भईया दूज का पर्व मनाया गया**

**कोराव।** पूरे इलाके में भैया दूज का पर्व धूम धाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर महिलाओं ने गोवर्धन देवता की पूजा अर्चना की। मंदिरों आदि धार्मिक स्थलों पर पूजा कार्यक्रम आयोजित किए। नगर पंचायत कोरांव में स्थित संस्कृत पाठशाला में स्थित मंदिर में भी पूजा अर्चना विशेष तौर से महिलाओं ने की। और ईश्वर से परिवार समाज के लिए प्रार्थनाएं की।

## हेल्पर को दुकान में बंद कर खडी ट्रक का सामान उड़ाया

**मऊआइमा।** ट्रक मरम्मत की दुकान के अन्दर सो रहे हेल्पर को चोरों ने बाहर से दरवाजे की सिटकनी बंद कर के खडी ट्रक का चारों रिम टायर सहित अनेकों सामान चोरी कर के भाग गए। सुबह हेल्पर ने फोन करके किसी से दरवाजा खुलवाया । दुकान मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। एडीजी के आदेश पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र ग्राम सकरामऊ निवासी जगत बहादुर पुत्र स्वर्गीय जवाहरलाल प्रयागराज प्रतापगढ़ फोरलेन पर वाहन मरम्मत की दुकान है। दुकान पर हेल्पर के लिए बिहार के जिला मुजफ्फरपुर थाना सकरा ग्राम ददरा सुन्दरपुर निवासी मोहम्मद जसीम पुत्र मोहम्मद मुकीम भी रहकर काम करता है। जब रात में जगत बहादुर घर सोने चला जाता है तो दुकान के अन्दर मोहम्मद जसीम सोता है। बताया गया कि एक सप्ताह पूर्व दुकान में जसीम सो रहा था। अज्ञात चोरों ने बाहर से दरवाजा बंद कर खडी ट्रक कि चारों रिम एक टायर और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह होने पर जसीम की आंख खुली तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है। वह तुरन्त पडोसी के पास फोन किया। दरवाजा खुलते ही वह देखा कि खडी ट्रक का सामान चोरी हो गया है। दुकान मालिक जगत बहादुर को खबर होने पर वह थाने पहुंच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। कई दिनों तक दौडने के बाद जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो जगत बहादुर ने एडीजी के यहां फरियाद लगायी तो पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।




## शांतिभंग की आशंका में 10 लोगों का चालान

**शंकरगढ़।** यमुनापार की शंकरगढ़ पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में 10 लोगों का चालान किया है। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने की पुलिस टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से 10 लोगों का धारा 151, 107, 116 में चालान किया गया है। एसओ ने बताया कि सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह चौकी प्रभारी नारीबारी, सब इंस्पेक्टर गया प्रसाद यादव, सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह, कांस्टेबल सागर दिवालिया, अनीश कुमार और रामजीत यादव की टीम ने चौकठा निवासी अजय बंशकार पुत्र पप्पू बंशकार, विजय वंशकार पुत्र पप्पू बंशकार, रमेश बंशकार पुत्र स्वर्गीय दस्स, बहादुर उर्फ अजय बंशकार पुत्र रमेश बंशकार, पप्पू उर्फ संजय पुत्र रमेश और गोलू उर्फ रोहित पुत्र राजू का चालान किया गया है।इसी क्रम में बेनीपुर के रहने वाले टकुवा पुत्र रामकृपाल और विक्की लाल पुत्र बोगई का भी 151, 107, और 116 में चालान भेजा गया है।इसी क्रम में शंकरगढ़ कस्बा के मोदी नगर निवासी अमित जायसवाल पुत्र स्वर्गीय अनिल जायसवाल और मवैया कला निवासी आशीष कुमार यादव पुत्र रामराज यादव का भी चालान भेजा गया है।

# सामुदायिक शौचालय में पानी के अभाव से खुले में शौच को मजबूर महिलाएं

**पंचायत भवन का निर्माण कार्य पड़ा अधूरा, दीपावली पर्व पर भी पंचायत घर में छाया रहा अंधेरा**





अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के बिरहा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय में पानी के अभाव को लेकर ग्रामीण महिलाएं खुले में शौच करने को विवश हो रही हैं। बुधवार को सुबह दर्जनभर आक्रोशित महिलाओं ने सामुदायिक शौचालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सामुदायिक शौचालय में पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि बीते कई महीने से सामुदायिक शौचालय का समर्सिबल पंप खराब है। पंचायत घर में बिजली भी नहीं जल रही है। हैंडपंप भी खराब हो गया है। जिससे पानी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। तालाब के गंदे पानी को लेकर महिलाएं शौचालय में शौच करने के लिए जाया करती हैं। गांव के ही कृपाशंकर ने बताया कि पंचायत भवन का निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। बाउंड्री वाल के लिए पिलर गाड़ दिए गए हैं। जबकि निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी समेत सहायक विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान से लगातार की जा रही है, किंतु मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत घर में बिजली न होने से पंचायत घर में खरीद कर रखे गए उपकरण भी नहीं चल रहे हैं। गांव के काम को लेकर कहीं बाहर से फोटो स्टेट कराया जाता है या अन्य कार्यो को संपादित किया जा रहा है। गांवो को योगी सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं पर सक्षम अधिकारी पानी फेरते दिख रहे हैं। इस संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव दिनेश चंद्र पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिलाओं के प्रदर्शन की फोटो वीडियो मैंने देखी है। आज बिरहा गांव में पहुंच कर मामले की जांच कराई जाएगी। मामले में ग्राम प्रधान अथवा सचिव की अगर लापरवाही होगी तो कार्रवाई की जाएगी।

# यम द्वितीया के दूसरे दिन भी स्नानार्थियों की उमड़ी भारी भीड़

**खेतीबाड़ी गृहस्थी की सामान की जमकर की खरीददारी, वापसी में हर मेलार्थी के हाथ में दिखा सामान**

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा पहाड़ी पर लगने वाले यम द्वितीया के दूसरे दिन गुरुवार के दिन भी भारी संख्या में क्षेत्रीय स्नानार्थियों के साथ दूर दराज के भी श्रद्धालु मेले में पहुंचे । सुजावन देव घाट पर पहुंच श्रद्धालुओं ने यमुना में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लेते हुए सुजावन देव का दर्शन पूजन किया ,तो मेले के दूसरे दिन क्षेत्रीय जनो का इस कदर सैलाब उमड़ा कि मेले में तिल रखने तक की जगह नही मिली। क्षेत्रीय जनो ने गृहस्थी खेतीबाड़ी आदि की जहां जमकर खरीददारी की तो वहीं बच्चो ने भी खिलौना आदि भी खरीद मेले का लुत्फ उठाया।

**दूसरे दिन भी सुजावन देव यमुना घाट पर स्नानार्थियों की रही भीड़ :** यम द्वितीया के दूसरे दिन गुरुवार को भी मेले में सुजावन देव यमुना घाट व सुजावन देव मंदिर पर भी स्नानार्थियों की देर शाम तक भीड़ जुटी रही। श्रद्धालु यमुना स्नान कर पूजा अर्चना दान दक्षिणा के बाद यमुना की धारा में पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर में जाकर भगवान शिव का दर्शन पूजा अर्चना कर मेले का लुत्फ उठाया।





**सौंदर्य प्रसाधन दुकान पर खूब रही भीड़ :** मेले में सौंदर्य प्रसाधन की भी दर्जनों आकर्षक दुकाने सजी थी। जहां पर युवतिया और महिलाओं की दिन भर भीड़ जुटी रही और जरूरत की वस्तुएं जमकर खरीददारी करती रही।

**स्वादिष्ट व्यंजनों को भी चखा :** मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनो की भी दर्जनों दुकाने रही मेले में आये अधिकतर युवको युवतियों की भीड़ डटी रही और स्वादिष्ट व्यंजनों को चखा।

**हर हाथों और सिर पर रखे दिखे गृहस्थी के सामान :** मेले में वापसी हुए मेलार्थियो के हर हाथों में और सिर पर गृहस्थी और खेतीबाड़ी के सामान दिखे। मेले में अधिकतर लोग गृहस्थी में सिलौटी, सूपा, चलनी होलसा ,बेलना, खलबट्टा,तावा, कड़ाही, कल्छुल, चाकू, कैंची बर्तन जहां खूब खरीदे गये वहीं खेतीबाड़ी में डलिया,खूरपा, हंसिया,डलिया, टोपा आदि खरीदे गये।

**रंग बिरंगी लाठिया और राम पूरिया चाकू की रही लूट :** मेले मे विभिन्न जनपदों के मशहूर रंग बिरंगी विभिन्न प्रकार की लाठियों और राम पूरिया चाकू की भी खूब बिक्री रही लाठी के शौकीनों ने मेले मे मनचाही लाठियो की खूब खरीददारी की तो वही युवकों ने मनपसंद राम पूरिया चाकू खरीदी।

**उच्चको ने उड़ाया मंगलसूत्र महिला बिलख बिलख कर रोई, दर्जनों हुए शिकार**



मेले के दूसरे दिन भी जेबकतरों उच्चको की चांदी रही। यमुना स्नान घाट से लेकर मेले के बीच तक उच्चको ने दर्जन भर से अधिक मेलार्थियों और स्नानार्थियों का पर्स और आभूषण उड़ा दिए। मेलार्थियों का रोष उस समय उत्पन्न हो गया जब मदरहा बारा निवासी कौशल्या देवी पत्नी राम चरित के गले से सोने का मंगलसूत्र उच्चको द्वारा उड़ाए जानें के बाद उसे भरे मेले के बीच घंटो बिलखते हुए देखा तब। उसे बिलखते देख लोगों ने पुलिस कर्मियों को भी खरी खोटी सुनाई। इसी बीच युवती से छेड़छाड़ कर रहे लोगों ने रंगेहाथ नशे में धुत दो युवकों को पकड़ पुलिस को सौंप दिया।

# वर्षों से उपेक्षित स्वामी अवधूत नाथ की कुटी इस दिवाली रही जगमग

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** यमुना नदी के तट पर गांव मझियारी आमद चायल हमेशा से धर्म और आस्था में अटूट विश्वास रखता रहा है।लेकिन उसी गांव की सीमा में गांव के पूर्व दिशा में स्थित एक महान संत की कुटी वर्षों से वीरान पड़ी हुई है। वो संत कोई और नहीं बल्कि अवधूत नाथ स्वामी जी थे। कहा जाता है की जब अवधूत महराज जी मझियारी में निवास करते थे तो गांव के ही नहीं बल्कि दूर दराज से भक्त उनसे मिलने आते थे और महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त करते थे।लोगो द्वारा बताया जाता है की अवधूत महराज दिव्यदर्शी थे जो कह देते थे वो सत्य हो जाता था। मझियारी में अवधूत महराज के अथक प्रयासों से रामजानकी मंदिर का भी निर्माण कराया गया था जिसकी कलाकृति आज भी कौतूहल का विषय है मंदिर में जिस तरह से डिजाईन बनाई गई है आज के कलाकार उसे देखकर विस्मय में पड़ जाते हैं। ऐसे महान संत की कुटी बिना उचित देख- रेख के अब शराबियों और जुआ खेलने वालों का अड्डा बनी हुई थी। लेकिन युवा समाजसेवी अंकुश पाण्डेय को इस बारे में पता चला तो उन्होंने मन बना लिया कि हमारे गांव की विरासत अब प्रकाशमाय होगी जिसके लिए गांव के बड़े बुजुर्गों से बात किया और इस दिवाली कुटी को जगमग करने का फैसला लिया और गांव के युवाओं के साथ मिलकर कार्य को अंजाम देने में लग गए युवाओं द्वारा लिये गये इस फैसले को बड़े बुजुर्गों ने कहा की अंकुश पाण्डेय अंश का कार्य सराहनीय है ।इसके लिए भारी संख्या में ग्रामीणों ने इकठ्ठा होकर कुटी की सफाई की और दीप जलाकर अवधूत नाथ स्वामी की कुटी को इस बार दिवाली पर जगमग कर दिया । इस कार्य में विनोद पाण्डेय, प्रवीण शुक्ला, सिपाही सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय, धीरज सिंह, कुलदीप पाण्डेय,शिवराम सिंह, कल्लू धुरिया, बजरंगी भारतीया एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रेलवे द्वारा किसानों के मकान पर नोटिस चस्पा, किसानों का विरोध प्रदर्शन

**जंघई।** जंघई रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक 51 बी पर रास्ता डायवर्ट करने के लिए रेलवे द्वारा बगल के किसानों के मकान पर नोटिस चस्पा करने पर भारतीय किसान यूनियन ने धरना करके नायब तहसीलदार मछलीशहर को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।भारतीय किसान यूनियन द्वारा बभनियांव में किसानों मजदूरों एवं गरीबों की मांगों को लेकर किसान पंचायत हुई। पंचायत की अध्यक्षता शैलेश वर्मा व संचालन धर्मराज पटेल ने किया पंचायत के अंत में 5 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को नायब तहसीलदार मछली शहर मीना गौड़ व रेलवे विभाग के अधिकारियों को सौपा गया।मांग पत्र मे भाकियू महासचिव राजनाथ यादव ने कहा की जंघई स्टेशन के प्लेटफार्म 4, 5 के पूर्वी हिस्से पर जंघई स्टेशन से मछली शहर तक सम्पर्क पिच मार्ग बना हुआ है।किसानों की मांग है कि प्लेटफार्म 1, 2, 3, 4, 5 से उत्तर तरफ सड़क पर जाने के लिए एक उपरगामी सेतु पुल बनाया जाए।जंघई स्टेशन पर स्टॉप कम होने के कारण टिकट घर बन्द किया गया है टिकट काउंटर शीघ्र खुलवाया जाए।रेलवे यात्रियों पर ध्यान देते हुए जंघई स्टेशन पर एक सरकारी सुलभ शौचालय बनवाया जाए । जंघई स्टेशन के पूर्वी रेलवे फाटक 51 बी पर रेल विभाग द्वारा नियमानुसार अपने जमीन के अंतर्गत ही सुंदरीकरण एवं विस्तार कराया जाए। जंघई स्टेशन के प्लेटफार्म पर बंद पड़े सभी नलों की मरम्मत ?कराया जाए।इस अवसर पर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता जंघई चौकी इंचार्ज संदीप कुमार शर्मा मौजूद रहे।किसान सभा को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव, जिलाध्यक्ष शैलेश वर्मा, धर्मराज पटेल, अमरनाथ ने सम्बोधित किया। इस मौके पर बाबूराम, विश्वनाथ, खलील, राकेश, संजय, रामाश्रय, अजय, राहुल, सुरेंद्र, पंकज, सोमनाथ गौतम, केदारनाथ, कमलेश गौतम, गीता, सुमित्रा, किरण, सुनीता, साधना, उर्मिला, मालती आदि रहे।

# एक साथ उठे छह शव तो मच गया चीत्कार ....

## परिजन ही नहीं गांव के लोगों के भी नहीं थम रहे थे आंसू, पूरे क्षेत्र में पसर गया सन्नाटा





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सोरांव के शिवगढ़ इलाके में बृहस्पतिवार की शाम अग्रहरि परिवार के छह लोगों के शव एक साथ उठे तो चीत्कार मच गया। परिजन ही नहीं पास पड़ोस के लोग भी जार जार रोते रहे। लोगों के आंसू थम नहीं रहे थे। किसी के पास सांत्वना का ऐसा शब्द नहीं था जो परिजनों को शांत कर सके। आंखों से आंसुओं की धारा बहती रही। शिवगढ़ के रहने वाले अग्रहरि परिवार पर बृहस्पतिवार को जैसे पहाड़ टूट पड़ा। तड़के इस परिवार में खुशियां छाई थीं। दिवंगत श्याम लाल अग्रहरि के चार बेटों में आखिरी नंबर के उमेश के इकलौते बेटे ओजस का मुंडन समारोह था। बुधवार रात से ही विंध्याचल जाने की तैयारियां चल रहीं थीं। गांव के ही इरशाद की टवेरा से उन्हें जाना था। तड़के गाड़ी आ गई। सुबह करीब छह बजे विंध्याचल मां का जयकारा लगाते हुए परिवार के नौ लोग टवेरा से विंध्याचल के लिए चल दिए। किसी भी पता नहीं था कि काल उनके पीछे पीछे ही है। बमुश्किल पौन घंटे बाद ही घर पर दुर्घटना की वह मनहूस खबर आ गई जिससे परिवार के लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उमेश के बड़े भाई संजय और रमेश खबर पाते ही हंडिया की तरफ भागे। परिवार के अन्य लोग भी भगवान के सामने बैठ कर प्रार्थना करने लगे लेकिन होनी तो हो गई थी। छह लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया था। दोपहर में ही सभी शवों का पोस्टमार्टम किया गया। शाम को करीब सवा चार बजे दो एंबुलेंस से सभी शव शिवगढ़ स्थित घर पर पहुंचे तो हाहाकार मच गया था। एक झटके में पूरा कुनबा बिखर गया था। करीब 15 मिनट बाद ही शवों को अंतिम संस्कार के लिए रवाना कर दिया गया।





### महज 46 किलोमीटर दूर जाने पर हुआ हादसा

सोरांव के शिवगढ़ और हंडिया टोल प्लाजा के बीच की दूरी तकरीबन 46 किलोमीटर है। सुबह छह बजे के बाद परिवार वाले टवेरा गाड़ी से निकले और छह बजकर 40 मिनट पर हादसे का शिकार हो गए।

### शिवगढ़ में बंद रहीं दुकानें, नहीं जले चूल्हे ...

शिवगढ़ में हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में पास पड़ोस के गांव के लोग श्याम लाल के घर पर पहुंच गए थे। शिवगढ़ इलाके में दिन में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। गांव में तमाम घरों में चूल्हे नहीं जले। जिसे देखो वह परिवार की ही बात कर रहा था कि छोटे छोटे बच्चों का अब क्या होगा। बात करते समय पड़ोसियों की भी आंखें नम हो जा रही थीं।

### अनाथ हो गए दिनेश और कविता के बच्चे

श्याम लाल अग्रहरि के तीसरे बेटे दिनेश अग्रहरि की तीन साल पहले ही मौत हो गई थी। पत्नी कविता ही शायली (14), गुड़िया (12), काजल (10) और शेष (5) को संभाल रही थी। ओजस के मुंडन समारोह में कविता के साथ उसके बच्चे भी जाने की जिद कर रहे थे लेकिन गाड़ी में जगह न होने की वजह से कविता ने अपने बच्चों को समझा बुझाकर रोक दिया। हादसे में कविता की भी मौत हो गई। चारों बच्चे बिलख बिलख कर रोते रहे। कहा कि मां के मरने पर वे अनाथ हो गए। परिवार के अन्य लोग उन्हें ढांढस बंधाते रहे।

### प्रतापगढ़ से कई साल पहले शिवगढ़ आ गया था श्याम लाल का परिवार

सोरांव के शिवगढ़ के रहने वाले श्याम लाल अग्रहरि मूल रूप से प्रतापगढ़ के डेरवा इलाके के रहने वाले थे। शिवगढ़ की रहने वाली कृष्णा देवी से शादी के बाद उन्हें ससुराल की गद्दी मिली तो करीब 50 साल पहले वह यहीं आ गए। तब से उनका पूरा परिवार शिवगढ़ में ही रह रहा था। श्याम लाल और कृष्णा देवी के चार बेटे हुए। संजय, रमेश, दिनेश और उमेश। श्याम लाल की मौत कई साल पहले हो गई। तीन साल पहले तीसरे नंबर के बेटे दिनेश की मौत हो गई थी। संजय और रमेश घर पर रहकर खेती बारी संभालते थे। चौथे नंबर का उमेश गुजरात में रहकर सब्जी बेचने का काम करता था। उमेश की शादी करीब सवा दो साल पहले प्रिया से हुई थी।उमेश और प्रिया के सवा साल के बेटे ओजस का ही मुंडन समारोह था जहां जाने के परिवार के नौ लोग टवेरा गाड़ी से निकले थे। परिवार पर काल का ऐसा कहर टूटा कि श्याम लाल के चार बेटों में बड़े संजय की पत्नी रेखा, रमेश की पत्नी रेखा और दिनेश की पत्नी कविता की मौत हो गई। हादसे में श्याम लाल की पत्नी कृष्णा देवी भी नहीं रहीं। रमेश की बेटी न्यासा और उमेश के बेटे ओजस की भी मौत हो गई। रेखा देवी और न्यासा मां-बेटी थीं। सवा साल का ओजस हादसे में चल बसा लेकिन उसके माता पिता उमेश और प्रिया गंभीर रूप से घायल हैं। ओजस का फुफेरा भाई ऋषभ प्रतापगढ़ के कटरा से मुंडन में शरीक होने आया था। वह भी गंभीर रूप से घायल है। टवेरा गाड़ी चला रहा ड्राइवर इरशाद को भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संजय और रमेश के बच्चों ने भी खोई मां

**प्रयागराज।** श्याम लाल अग्रहरि के बड़े बेटे संजय की पत्नी रेखा और दूसरे नंबर के बेटे रमेश की पत्नी रेखा देवी की भी हादसे में मौत हो गई। रमेश की बेटी न्यासा ने भी हादसे में तोड़ दिया। न्यासा के अलावा रमेश के अन्य बच्चे निशि (16), अलख (18)और निकिता (4) हैं। सभी बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था। संजय के बच्चे शिवम (17), नेहा (13) और नैंसी (9) के भी आंसू नहीं रुक रहे थे।

## न्यूज झरोखा

### प्रयागराज में डिप्टी सीएम ने मनाया भाई दूज



**प्रयागराज।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बहन के साथ भाई दूज का त्योहार मनाया। प्रयागराज के अल्कापुरी आवास पर बहन कमलेश मौर्या ने पहुंचकर केशव प्रसाद मौर्य के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। केशव प्रसाद मौर्य ने भाई दूज की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए असकी फोटो भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। बहन-भाई का त्योहार भाई दूज शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-संमृद्धि और लंबी उम्र की कामना की है। इस अवसर पर भाइयों ने बहनों को उपहार भी दिया। इसी कड़ी में भाई बहन के अटूट प्रेम का बंधन का प्रतीक भैया दूज के पावन पर्व पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की छोटी बहन कमलेश मौर्य ने उनके निज निवास अलकापुरी प्रयागराज में भैया दूज का टीका काढ़ा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें सदा सुखी रहने का आशीर्वाद दिया और सभी देशवासियों प्रदेशवासियों को भैया दूज की पावन पर्व की बधाई दी। केशव प्रसाद ने अपनी बहन को उपहार भी दिया।

### भाई दूज पर बहन ने लगाया भाई को तिलक



**मेजा।** भाइयों ने लिया बहन की रक्षा का संकल्प। गुरुवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं। वहीं भाइयों ने भी सुरक्षा का संकल्प लिया। सनातन धर्म में भाई-बहन के स्नेह व सौहार्द्र के प्रतीक भाईदूज के पर्व पर ग्रामीण क्षेत्र में उत्साहपूर्वक वातावरण रहा।

### हिस्सेदारी के लिए कायस्थ समाज होगा एकजुट



**झूंसी।** चित्रगुप्त परिवार झूंसी की ओर से बृहस्पतिवार को आवास विकास कालोनी योजना तीन में कलम दवात के पूजन और बिरादरी के सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद् सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव रहे। कहा कि कायस्थ समाज जब तक संगठित नहीं होगा, तब तक उसे राजनीति और सरकारी नौकरी में हिस्सेदारी नहीं मिल पायेगी। अध्यक्षता करते हुए केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्रनाथ सिंह ने कायस्थ एकजुटता पर बल दिया।मुख्य वक्ता नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज हमेशा से ही कलम का धनी रहा है। इसलिए वह समाज में हमेशा उच्च पद पर विराजमान रहा। मगर अब आरक्षण के युग में कायस्थ समाज को व्यवसाय में भी हाथ अजमाना चाहिये। पूर्व सीएमओ डॉ.पीके सिन्हा ने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है और जो समाज संगठित होता है, वही आगे बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा की पूर्व निदेशक डॉ. सुधा प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ ने अपनी अभूतपूर्व क्षमता से समाज के हर वर्ग में अपनी पहचान बनाई है लेकिन अपने असंगठित होने के कारण वह समाज में अपनी विशिष्ट पहचान नहीं बना पा रही है। कार्यक्रम के दौरान पत्रिका का विमोचन भी किया गया। परिवार के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर ने चित्रगुप्त परिवार का परिचय दिया। उप मुख्य संरक्षक डॉ अरविंद ने अपनी कविता से एकता का संदेश दिया। मुख्य संरक्षक पीसी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। महामंत्री डॉ.राहुल सहाय बिसारिया ने संचालन किया । संयोजन ज्ञानचंद श्रीवास्तव ने किया।

# एसआरएन में जूनियर डॉक्टरों व तीमारदारों में हुई मारपीट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में गुरुवार की शाम 4 बजे जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों में जमकर मारपीट हुई। मिजार्पुर के पेशेंट का तीन बार ऑपरेशन के बाद भी जब उसे आराम नहीं हुआ तो रेफर मांगा। इसी बात पर जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों में कहासुनी हुई और फिर मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी देर में सैकड़ों की संख्या में जूनियर डॉक्टर वहां पहुंच गए और तीमारदारों को इतना मारा कि एक का सिर फूट गया।सूचना पाकर मौके पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई। स्थिति तनावपूर्ण होता देख मिजार्पुर के पेशेंट और उसके तीमारदारों को किसी तरह से एंबुलेंस बुलाकर वहां से पुलिस ने निकाला।

**साहब हमें मार डालेंगे :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जूनियर डॉक्टर काफी आक्रामक दिखे। परिजन पुलिस के पहुंचने के बाद अधिकारियों के पैर पकड़कर कह रहे थे कि साहब हमें किसी तरह से यहां से निकालिए। हम कोई कार्रवाई नहीं चाहते। उधर, डॉक्टरों के उग्र तेवर देखकर शाहगंज, कीडगंज, कोतवाली, कर्नलगंज सहित कई थाने की फोर्स बुला ली गई। पुलिस ने बाद में तीमारदारों और मरीज को वहां से सुरक्षित निकाल दिया। कई के **मोबाइल तोड़े :** जिस समय जूनियर डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच मारपीट हो रही थी उस समय कुछ लोगों ने अपने मोबाइल से वीडियो शूट करना चाहे। यह देखकर जूनियर डॉक्टर भड़क गए और कई लोगों का मोबाइल छीन लिया और उसे तोड़ दिया। कई के मोबाइल अपने साथ में ले गए। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची तो लोगों ने मोबाइल छीन जाने की पुलिस वालों से शिकायत की। हालांकि पुलिस भी जूनियर डॉक्टरों के आगे बैकफुट पर नजर आई।

### एक नवम्बर से आप पार्टी गांवों में निकालेंगी पद यात्रा

**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह व ब्लॉक प्रभारी ने बताया कि आम आदमी पार्टी करछना विधानसभा के सभी गाँव, मजरों में 1 नवम्बर से पद यात्रा निकाली जायेगी जो नेहा सिंह के नेतृत्व में होगी । इसका संचालन जिला महासचिव नितिन सिंह पटेल करेंगे। पद यात्रा में सभी गाँवों में जो व्यक्ति गरीब, निराश्रित, वृद्ध महिला व सरकारी सुविधाओं से वंचित हो उस व्यक्ति को चिन्हित करके उनका अधिकार पार्टी दिलायेगी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष गजनफ ʿअब्बास जी, नेहा सिंह, सुनीता, गायत्री, पूनम, सुमन, मंजु राव सविता सिंह, पूजा, काजल, स्नेहा, सुशील प्रजापति, शेर बहादुर पटेल, राहुल, रवि भारतीय, मौजी लाल पटेल, हबीब अहमद, मनोहरलाल।

# शुआट्स का 13वाँ दीक्षान्त समारोह मनाया गया

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 13वाँ दीक्षान्त समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि मलंकारा आर्थोडक्स सीरियन चर्च के मेट्रोपोलिटन गीवर्गीज मार कोरिलॉस थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शुआट्स कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने 13वें दीक्षान्त समारोह की उद्घोषणा की जिसके बाद समारोह प्रारम्भ हुआ।

कुलपति मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट के डीम्ड विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय बनने के अनुभव को साक्षा करते हुए कहा कि हमेक्षा लक्ष्य को स्पष्ट रखकर उसी के मुताबिक कार्य करने पर निश्चित सफलता मिलती है। सदैव ईमानदारी व समर्पणता के साथ कार्य करना चाहिये और किसी प्रकार अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। उन्होंने बाईबल वचन साझा करते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने वाले परमेश्वर राज्य के अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि सुख में आपके इर्द-गिर्द सभी मित्र रहेंगे लेकिन कठिन समय में परिचित भी साथ छोड़ देते हैं लेकिन परमेश्वर विश्वासियों का साथ कभी नहीं छोड़ता। इसलिये परमेश्वर के बताये सत्य के मार्ग पर चलना चाहिये। कुलपति ने डिग्री प्राप्तकताओं को सत्य, ईमानदारी, राष्ट्रसेवा, भूखे को भोजन भूमि की सेवा तथा ईश्वर, मातृ संस्था व राष्ट्र के प्रति वफादार रहने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि गीवर्गीज मार कोरिलॉस ने शुआट्स को महान संस्थान बताते हुए कहा कि यहां के डिग्रीहोल्डर्स विदेशों में अपनी सेवा देकर संस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ एक अच्छा चरित्र निर्माण का होना भी अति आवश्यक है। उन्होंने प्रभु की सेवा, समाज की सेवा और देश सेवा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं को आगे बढ़ने, गीतशील होने पर जोर देंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। मुख्य अतिथि ने शुआट्स द्वारा विकसित अलसी की प्रजाति शुआट्स अलसी-5 को स्व0 प्रो. डा. सुरेश बाबू को समर्पित किया एवं फेकल्टी सदस्यों द्वारा लिखी नवीन किताब का विमोचन भी किया। कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने सभी डिग्री एवं मेडल प्राप्तकताओं को बधाई दी एव उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पूरे विश्व में सुख व समृद्धि लाने के लिये योगदान देने की बात कही।

कुलसचिव प्रो0 डा. रॉबिन एल. प्रसाद ने सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो.डा. जोनाथन ए. लाल ने मुख्य अतिथि सहित गणमान्य अतिथिगणों का परिचय साझा करते हुए उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि दिये जाने का सम्बोधन किया जिसमें बिशप ग्रेगोरियस मार स्टीफन्स इपीसकोपा, इटली के पूर्व राजदूत कालारिकल प्रान्चू फेबियन, प्रो. जॉर्ज मंचेरी को कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल एवं डा. इंदिरा वसन्था ने विभिन्न श्रेणी के पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किया जिसमें स्व0 रेव्ह. गुलजारी लाल मेमोरियल श्रेष्ठ यू0जी0 पुरस्कार आयुषी श्रीवास्तव, वर्णित अग्रवाल, आकृति साक्षी को दिया गया। स्व. मनीष जैकब मेमोरियल श्रेष्ठ दिव्यांग पुरस्कार शिवांशु गुप्ता, केसिटी नरसिम्हा, विवेक सिंह को दिया गया। फोरेंसिक साइंस में लक्ष्मी राव मेमोरियल श्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार कु0 सुमाया, शिवांगी जोशी, पल्लव कुमारी एवं सेजल केसरवानी को दिया गया। कोविड महामारी के बाद आयोजित दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2019, 2020, 2021 व 2022 के पासआउट छात्र-छात्राओं को स्नातक की 6485, परास्नातक की 6890, पीएचडी की 388 एवं डिप्लोमा की 355 उपाधियाँ वितरित की गईं एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को 411 स्वर्ण एवं रजत पदक वितरित किये गये। साथ ही यू0एस0ए0, नेपाल, घाना, लीबिया, इराक, भूटान आदि के 121 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भी डिग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

कार्यक्रम में प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. डा. एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट, डा. एस.ए. ब्राउन, प्रो0 ए.के.ए. लॉरेन्स सहित फेकल्टी सदस्य व कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्रा एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

# धूमधाम से निकली गिरिराज की शोभायात्रा, हुआ पूजन

,अखंड भारत संदेश

### 43वें श्री गोवर्धन पूजन महोत्सव में बाल कलाकारों की प्रस्तुति ने मोहा मन, लूकरगंज स्थित श्यामा सदन में मनाया गया गोवर्धन पूजा महोत्सव



**प्रयागराज।** श्री ब्रज रस रसिक भजन मंडल एवं क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को लूकरगंज स्थित श्यामा सदन राधे कृष्णा एनक्लेव में 43वां श्री गोवर्धन पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इससे पूर्व श्री गोवर्धन जी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। बग्गी

पर सवार श्रीकृष्ण (कृष्णा) और बलराम नक्षत्र द्विवेदी) की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

श्रीकृष्ण और बलराम के स्वरूपों को गोपियों संग रथ पर सवार थे। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया। क्राइम प्रिवेंशन काउंसिल ऑफ इंडिया के सलमान अहमद की टीम ने शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था संभाली। शोभायात्रा में पीले वस्त्र धारण किये महिलाएं कलश लेकर आगे चल रहीं थीं। जहाँ जगह जगह श्रीकृष्ण और बलराम का पूजन किया गया। गोवर्धन पूजा महोत्सव पर बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकालकर भक्तों ने गिरिराज जी का पूजन आरती की। डीजे की धुन पर भक्त झूमते थिरकते रहे। इसके बाद श्रीकृष्ण और बलराम ने श्यामा सदन में गाय के गोबर से निर्मित श्री गोवर्धन जी की प्रतिमा का पूजन किया तत्पश्चात भक्तजनों ने गिरिराज जी का विधिवत पूजन किया। शोभायात्रा राधे कृष्ण एनक्लेव से निकलकर लूकरगंज खुल्दाबाद हिम्मतगंज होते हुए श्यामा सदन पहुंची। जहां उनका पूजन कर स्वागत किया गया। बाल कलाकारों से सुसज्जित कार्यक्रम में धार्मिकता के साथ साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के पहलुओं का मंचन हुआ।भजन मंडल के कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें ओंकार दत्त गौतम श्रुति निगम आदि द्वारा सुंदर सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। बाद में मुख्य कार्यक्रमों में श्रीकृष्ण द्वारा डाकू भगत का उद्धार कहानी का मंच प्रदर्शन किया गया। जिसमें कृष्णा निगम श्रीकृष्ण नक्षत्र द्विवेदी बलराम अंकित श्रीवास्तव डाकू भगत अभिषेक द्विवेदी पंडित छवि निगम राब्या पटेल कनिका पटेल अहाना सचदेवा रिया सोनकर सखियां रहीं। बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को संगीतमय बना दिया। जो वहां मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान बाल गोपाल कृष्ण की भूमिका में कृष्णा निगम और बलराम की भूमिका में नक्षत्र द्विवेदी ने राधा बनी रिया सोनकर के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी।सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन प्रीति सोनकर ने किया। साज सज्जा राधिका निगम ने की। हारमोनियम पर भास्कर कुशवाहा ढोलक पर हर्ष कुशवाहा उज्जवल निगम ने संगत दी। अंत में वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र कुमार तिवारी दुकान जी एवं अधिवक्ता दुर्गेश दुबे ने बाल कलाकारों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया। निंबार्क आश्रम के महंत श्री राधा माधव दास ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। भजन मंडल के संचालक अतुल जी निगम ने सभी उपस्थित भक्त जनों के प्रति आभार प्रकट किया। तत्पश्चात आरती एवं सभी भक्तों को अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संयोजक डॉ अखिल निगम व्यापारी कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश के सदस्य और पूर्व पार्षद नटवर लाल भारतीय पूर्व उप महापौर मुरारी लाल अग्रवाल भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी दुली चंद्र वर्मा संतोष पांडेय डॉ एस के पाण्डेय अतुल जी निगम अधिवक्ता मनीष द्विवेदी देव केसवानी गौरांग निगम अन्नू अनूप अमित ऊषा निगम आकांक्षा निगम रमा द्विवेदी सुधा निगम मीरा छाया निगम आदि रहे।

# पानी की टंकी के पास पड़े बिछाए बैठे थे जुआरी, दर्जनभर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

### 17000 रुपये नगद और ताश के पत्ते बरामद

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर फड़ से सत्रह हजार, तीन सौ रुपये नगद बरामद किया है। जुआरी पानी की टंकी के पास हर सजा कर बैठे थे पुलिस ने यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देशन में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वालो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान तहत पुलिस अधीक्षक यमुनापार व क्षेत्राधिकारी बारा के निर्देशन में थानाध्यक्ष शंकरगढ़ व उनकी पुलिस टीम द्वारा लखनपुर गांव के पानी टंकी के पास से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए ग्यारह लोगों को गिरफ्तार कर माल फड़ से 17300 रुपये तथा ताश के 52 पत्ते बरामद किए है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गये लोगों में राम सरन साकेत पुत्र राम भरोस निवासी ग्राम लखनपुर थाना शंकरगढ़, बृजलाल पुत्र कल्लू निवासी ग्राम लखनपुर थाना शंकरगढ़, शिव कैलाश पुत्र शंकरलाल निवासी ग्राम लखनपुर थाना शंकरगढ़, आशीष हरिजन पुत्र रामसभा निवासी ग्राम लखनपुर थाना शंकरगढ़, बीरेंद्र हरिजन पुत्र भुल्लू निवासी ग्राम लखनपुर थाना शंकरगढ़, छोटू आदिवासी पुत्र मोती वार्ड नं 2 शिक्षक नगर थाना शंकरगढ़, विष्णु आदिवासी पुत्र लल्ली वार्ड नं 2 शिक्षक नगर थाना शंकरगढ़, सौरभ त्रिपाठी पुत्र संतोष त्रिपाठी जसरा थाना घूरपुर, लालबाबू कनौजिया पुत्र राकेश कनौजिया वार्ड नं 7 मोटियान टोला शंकरगढ़, कुमेश भुजवा पुत्र स्व.रामबली वार्ड 7 मोटियान टोला शंकरगढ़, सोनू केसरवानी पुत्र दुर्गा पहलवान निवासी लाइनपार रानीगंज शंकरगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ शंकरगढ़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक अजीत कुमार वर्मा, उपनिरीक्षक दीपक कुमार सिंह, कांस्टेबल बलिराम सिंह, कांस्टेबल शशिकांत यादव, कांस्टेबल सागर देवलिया, कांस्टेबल अनीश कुमार, कांस्टेबल दीप कुमार शामिल हैं।

### पुलिस ने आधा दर्जन जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र में बुधवार की रात पुलिस ने फिर जुए की फड़ पर दबिश मारकर 7 लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की है। लगातार जुए की फड़ पर पुलिस की दबिस से जुआड़ियों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार की रात चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह मुखबिर की सूचना पर एसआई धर्मेंद्र यादव, अजीत कुमार यादव, अभय यादव व सिपाहियों के साथ हवेलिया में सजी जुए की फड़ पर दबिस मार कर बरियारी निवासी अवधेश कुमार सिंह, आवास विकास योजना दो निवासी चंदन सोनी, जौनपुर निवासी संजय सिंह, महीन निवासी विष्णु यादव, निरंजन लाल यादव, हवेलिया निवासी संतोष यादव व कौशल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए जुआड़ियों व फड़ के पास से कुल बीस हजार चार सौ रुपए बरामद हुए।

# प्रमोद तिवारी को स्टीरिंग कमेटी का मेंबर बनाए जाने पर कार्यकताओं ने जताई खुशी, एक दूसरे को दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नव निर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में पार्टी की नीति निर्धारण को तय करने वाली नवगठित शीर्ष राष्ट्रीय कमेटी में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मेंबर बनाए जाने को लेकर गुरूवार को यहां कांग्रेसियों के चेहरे पर चमक भरी खुशी देखी गयी।



प्रमोद तिवारी।

सोनिया गांधी की अध्यक्षता मे प्रमोद तिवारी पार्टी की सर्वोच्च कमेटी सीडब्ल्यूसी के स्थायी मेंबर बनाये गये। अब पार्टी की नीतियों तथा देशव्यापी संगठनात्मक रूपरेखा को धार देने के लिए सीडब्ल्यूसी की जगह पार्टी की शीर्ष संचालन समिति का खड़गे के नेतृत्व में गठन हुआ है। सोनिया गांधी तथा राहुल व प्रियंका गांधी एवं मनमोहन सिंह जैसे पार्टी के कददावर नेताओं के साथ वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के भी इस गठित स्टीरिंग कमेटी में शामिल किये जाने का खडगे के अध्यक्ष पद के पदभार ग्रहण करने के बाद नई दिल्ली से ऐलान हुआ। गुरूवार को कांग्रेसी गढ़ रामपुर खास के साथ जिले भर के कांग्रेसियो मे यह खुशी एक दूसरे से मिलकर बधाईयों के साथ विधायक आराधना मिश्रा मोना के लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं के बडे जमघट मे देखा गया। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने यहां बताया कि सीडब्ल्यूसी के स्थान पर खडगे की अध्यक्षता मे गठित स्टीरिंग कमेटी में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को शीर्ष स्थान पर जगह मिलना कार्यकताओं के मनोबल व संघर्ष को पार्टी नेतृत्व ने मजबूत संबल प्रदान किया है। वहीं कार्यकताओं ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के पार्टी विधानमण्डल दल की नेता होने के साथ सांसद प्रमोद तिवारी के भी पार्टी में एक मजबूत राष्ट्रीय चेहरे के रूप में मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को दिली खुशी मे बयां करते देखा जा रहा है। कैम्प कार्यालय पर मौजूद सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, महमूद आलम आदि ने प्रमोद तिवारी के पार्टी की शीर्ष कमेटी मे शामिल होने को लेकर सोनिया गांधी तथा नव निर्वाचित पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का आभार जताया है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे दो व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना उदयपुर ग्राम खानीपुर के राजमणि सिंह पुत्र लहरी सिंह व थाना सांगीपुर ग्राम देवीगढ़ नेवादा के पवन कुमार पुत्र देवतादीन सरोज को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# जनता को जागरूक करने के लिए पुलिस ने लगाई जन चौपाल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर अपराध को रोकने व जनता को जागरूक करने के लिए गुरुवार को नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी व उपनिरीक्षक बलवंत सिंह ने थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोराली गाव में जन चैपाल लगाई जिसमे ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता के साथ ग्रामवासी मौजूद रहे। मौजूद ग्रामीणों से गाँव की समस्या के साथ खुद की समस्या के बारे में पूछा और लोगो को महिला हेल्प लाइन 1076, 112 साइबर क्राइम आदि के बारे में जागरूक किया और कहा कि कभी भी किसी समय कोई दिक्कत या समस्या सामने आती है बिना संकोच के फोन करके अवगत कराएं, पुलिस आपके पास खड़ी मिलेगी। इस दौरान गाँव की महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।




जनचौपाल में जनता को जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

# आगजनी में तीन मवेशियों की मौत, एक गंभीर रूप से जखमी

## पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर आरोपी द्वारा पीडित के घर से लगे छप्पर में आगजनी की घटना को लेकर गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी गई है। पीडित के मुताबिक आगजनी में उसकी पुत्री के झुलसने के साथ दो बकरियां और एक नवजात मवेशी की गंभीर रूप से जल जाने से मौत हो गयी। वहीं एक कीमती भैंस भी आगजनी मे गंभीर रूप से झुलस गयी है।

लालगंज कोतवाली के पूरे सेवकराय कटरा निवासी सुरेश पटेल पुत्र रामप्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को दिन मे तीन बजे गांव के विपक्षी दिनेश पटेल उर्फ छेदी ने जमीनी विवाद को लेकर उसके घर के समीप मवेशियों के छप्पर मे आग लगा दिया।

आरोपी आग लगाने के बाद मौके से भाग निकला। आग पर नियंत्रण करने के लिये प्रयास कर रही उसकी बेटी अंजू भी झुलस गयी। वहीं घटना मे दो बकरियां तथा एक नवजात मवेशी ने दम तोड दिया। तहरीर मे कहा गया है कि पीडित की एक भैंस भी गंभीर रूप से झुलस गयी है। पीडित ने घरेलू सामान मे भी नुकसान की बात कही है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## चोर उठा ले गये बर्तन

**प्रतापगढ़।** जिले के ग्राम सभा नई बाजार डेरवा में चोरी की वारदात हुई। रामजी गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता उर्फ (रामजी बर्तन स्टोर) के यहां चोरी की वारदात हुई। रामजी का कहना है कि पहले भी उनके यहाँ ऐसी कई वारदातें हो चुकी है और उसने प्रशासन को तहरीर दी है। रामजी ने बताया 27 अक्टूबर को करीब भोर में तीन बजे चार पांच चोर लगभग दो कुंटल पीतल के बर्तन चोरी करके भाग गए और पीछा करने के दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी। चोर कुछ बर्तन छोड़ के वहीं भाग गए।

# लंका को रावण के अहम ने जलाईः दिनेश त्रिपाठी

## बाबू पट्टी गांव में हुआ रामायण सत्संग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बिग बी यानी सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के पैतृक गांव बाबू पट्टी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामायण सत्संग का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले 67 वर्षो से दीपावली में अमावस्या पर्व के दूसरे दिन यानी परेवा को होता आ रहा है।

यहां पर आयोजित राम कथा में मानस मार्तंड राम कथा व्यास दिनेश त्रिपाठी ने कहा की लंका को जला कर जब हनुमान जी महराज सीता मैया से वापस आने के लिए मिले तो सीता मैया ने हनुमान जी से पूछा की हनुमान जी आपने लंका को जला दिया तो अहंकार और अभिमान से दूर हनुमान जी ने कहा की माता लंका को मैने नहीं जलाया बल्कि रावण के अहम ने लंका को जलाया। अर्थात लंका को रावण के अहंकार ने जलाया।



रामायण सत्संग में कथा कहते कथा व्यास दिनेष त्रिपाठी।

उन्होंने इसके माध्यम से एक संदेश श्रोता को देने की कोशिश किया की लोगो को आपने कार्य, बल और पौरुष पर अहंकार और अभिमान नहीं करना चाहिए कोई की किसी व्यक्ति का अहंकार और अभिमान ही उसका सर्वनाश करता है। इस अवसर पर मानस सूर्य की उपाधि से देश में ख्याति लब्ध रहे स्व सूर्य प्रकाश सूर्य के पुत्र राम भद्र मिश्र ने राम कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा की राम कथा के माध्यम से मनुष्य अपना यह लोक ही नही परलोक भी सुधार कर सकता है। इस राम कथा को सुनने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का संचालन चंडी सहाय मिश्र ने किया और आभार पुरषोत्तम द्विवेदी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल मिश्र, अनंत प्रसाद मिश्र, अवधेश तिवारी, अमितेंद्र श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, आसाराम मिश्र, गया प्रसाद मिश्र, मीनाक्षी श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, शिवमोहन लाल श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, पंकज शुक्ल, लालजी पटेल, अपूर्व द्विवेदी, अमृत लाल सरोज, कुंभू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# छठ पूजा के लिये बेल्हा देवी घाट की शुरू हुई सफाई

## 30 अक्टूबर की शाम हजारों महिलाएं यहां करेगी छठ पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** छठ पूजा के लिये बेल्हा देवी मंदिर के बगल से बहने वाली सई नदी के घाटों की नगर पालिका बेल्हा ने आज से सफाई शुरू कर दी है। इसके लिये आज 25 सफाई कर्मचारी बेल्हा देवी घाट पर लगाये गये हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह के निर्देषानुसार नगर पालिका के सफाई कर्मचारी गुरुवार को अपरान्ह दो बजे से बेल्हा देवी घाट की सफाई का कार्य शुरू कर दिये थे। इस बार देर तक वर्षा होने के कारण सई नदी सीढ़ियों तक बढ़ गई थी। अब नदी का पानी घट रहा है तो नदी में पड़े चुनरी, कलष, गगरी आदि गंदगी पड़ी दिखाई दी।

उन्हें एक-एक कर उठाकर साफ किया जा रहा है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि छठ पूजा 30 अक्टूबर को मनाई जाएगी। बता दें कि छठ पूजा में हजारों महिलाएं यहां आकर छठ पूजा में भाग लेती हैं। महिलाएं बड़ी संख्या में 30 अक्टूबर की शाम ढलते सूर्य को तथा 31 अक्टूबर की प्रातः सूर्योदय के समय उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी। अभी तीन दिन बचे हैं। तीन दिन बाद छठ पूजा का यहां बड़ा कार्यक्रम होगा, इसके लिये नगर पालिका बेल्हा देवी घाट की सफाई में तेजी से जुट गई है। आज के इस सफाई अभियान में एसके सिंह के अलावा सफाई नायक केपी सिंह, चंदन वाल्मीकि, शैलेन्द्र सिंह, विमलेष, अमित वाल्मीकि आदि शामिल रहे।

## गल्ला मण्डी में डाला की बिक्री बढ़ी

**प्रतापगढ़।** शहर के गल्ला मण्डी में इन दिनों डाला की बिक्री बढ़ गई है। आज गुरुवार को महिलाएं छठ पूजा के लिये डाला खरीदती देखी गईं। बता दें कि इसी डाला में महिला पूजा सामग्री एकत्र कर छठ पूजा कर सूर्य को अर्घ्य देती हैं।



बेल्हा देवी घाट की साफ-सफाई करते सफाई कर्मचारी।

## एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस लाइन का गत दिवस निरीक्षण किया। निमार्णाधीन भवन का जायजा लेने पहुंचे। इसके बाद पुलिस लाइन के मेस में भी गये। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी किये। उन्होंने महिला आरक्षियों की समस्याओं को भी सुना और उनकी समस्याओं का निदान करने का निर्देष जारी किया। पुलिस अधीक्षक लगभग आधे घंटे तक पुलिस लाइन के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा भी थे। पुलिस अधीक्षक के आकस्मिक निरीक्षण से जहां पुलिस प्रषासन सतर्क था, वहीं पुलिस विभाग के कर्मचारियों को सुधार के कुछ आसार भी दिखे।



विहिप की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## विहिप ने हिचिंतक बनाने की बनाई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुवार की दोपहर शिवगढ़ प्रखंड रानीगंज बाजार विश्व हिंदू परिषद प्रखंड बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंदू हित चिंतक अभियान 6 नवंबर 21 नवंबर 2022 तक चलने वाले अभियान में प्रखंड के हर एक गांव में हिचिंतक बनाने की रणनीति बनाई गई 5000 हिचिंतक सदस्य बनाने का लक्ष्य लिया गया और इस कार्यक्रम में कार्यालय का उद्घाटन रानीगंज बाजार में 3 नवंबर दोपहर एक बजे आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में विभाग मंत्री रजनीश तिवारी, पालक शिवगढ़ जिला सह मंत्री प्रशांत, प्रखंड अध्यक्ष दिनेश उमरवैश्य मंत्री भूपेश शिवम राहुल राजन अशोक आदि लोग उपस्थित थे।

## कोथरिया मार्ग पर कदम कदम पर जानलेवा गड्ढे से चोटहिल हो रहे लोग

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान कराया आकृष्ट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के कोथरिया मार्ग पर कदम कदम पर जान लेवा गड्ढे हो गए है जिसके चलते राहगीर साइकिल से गिरकर चुटहिल हो रहे है ।जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि सड़क को गड्ढा किया जाय लेकिन लोक निर्माण विभाग एक कान से सुनकर दूसरे कान से मुख्यमंत्री के निर्देश की अनदेखा कर रहे हैं।

कोथरिया मार्ग नौनिहाल बच्चो से लेकर इंटर मीडिएट के छात्र स्कूल पढ़ने साइकिल से जाते है जो सड़क पर जानलेवा गड्ढे में गिरकर चोटहिल हो जाते है। इतना ही नही जुगई का पुरवा नहर पुल से नन्दी का पुरवा तक कि सड़क का नामोनिशान मिट गया है काली डामर सड़क की जगह गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे है जो बुजुर्ग महिलाओं व पुरुष के आवागमन के लिए मुसीबत बना हुआ है ।रास्ता उबड़ खाबड़ होने के कारण घरो से बाजार व दवा के लिए नही निकल पाते जब कि रास्ते मे ऐतिहासिक व पौराणिक बाबा गौरीशंकर शिव लिंग का प्राचीन मंदिर पड़ता है जहाँ सप्ताह में प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को श्रद्धालुओ द्वारा जलाभिषेक किया जाता है और छिट पुट दुकाने भी लगती है।

महाशिवरात्रि के पर्व पर जनप्रतिनिधि लोग दर्शन को इसी उबड़ खाबड़ रास्ते से गुजरते है लेकिन उनको गड्ढे की तनिक भी परवाह नही रहती क्योकि जनप्रतिनिधियों की लक्जरी गाड़ी रहती है उनको सड़क के गड्ढे का एहसास नही होता गड्ढो का एहसास तो पैदल साइकिल व दो पहिया वालो को होता है। स्थानीय ग्राम वासी रमाशंकर तिवारी, रमाकांत तिवारी, विमल कुमार शुक्ल,ददन, केदार पटेल,रामफल पटेल, हुकुमचंद पटेल, रामप्यारे (ग्राम प्रधान), रामेश्वर पटेल, पटेल, आदि लोगो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए कोथरिया मार्ग की जर्जर सड़क को काली डामर रोड कराने की पुरजोर मांग की है जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# नहीं रहे शिक्षामनीषी पं. सूर्यपाल मिश्र

## प्रमोद व मोना समेत लालगंज में लोग हुए दुखी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के अझारा निवासी समाजसेवी एवं जाने माने शिक्षामनीषी सूर्यपाल मिश्र 82 का बुधवार को अचानक निधन हो गया। इधर सूर्यपाल मिश्र कुछ दिनों से बीमारी के चलते लखनऊ के मेदांता अस्पताल मे भर्ती थे। लालगंज में माण्टेसरी शिक्षा की नींव रखने वाले सूर्यपाल मिश्र शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते थे।

स्वर्गीय सूर्यपाल मिश्र के द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थान शीतलमऊ माण्टेसरी स्कूल से देश को भारतीय सेना के साथ अन्य प्रशासनिक सेवाओं में कई मेधाओं को सफलता मिल सकी है। उनके निधन से शैक्षिक जगत के साथ अंचल में गहरा शोक का माहौल देखा गया। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने गहरी वेदना जताते हुए कहा कि स्वर्गीय मिश्र लालगंज में अंग्रेजी पद्धति की प्रारम्भिक शिक्षा के एक मजबूत स्तम्भ थे। प्रमोद तिवारी ने स्वर्गीय मिश्र के पुत्र सज्जन मिश्र से फोनिक संवेदना व्यक्त करते हुए सूर्यपाल मिश्र जी के निधन को एक बड़ी सामाजिक रिक्तता भी करार दिया है।

वहीं बुधवार की देर रात स्व. मिश्र का उनके अझारा स्थित आवास पर शव पहुंचने पर बड़ी संख्या में शिक्षकों तथा समाजविदों ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख सूबेदार देवेन्द्र सिंह, समाजसेवी पं. सुधीर मिश्र, प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष बीएन सिंह, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, कुंवर रवीन्द्र सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष सिंह, केडी मिश्र, डा. ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा. वीरेन्द्र मिश्र, विशालमूर्ति मिश्र, पं. विश्राम मिश्र, रामलोचन त्रिपाठी, कृष्णानंद त्रिपाठी, मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय, रामअवध त्रिपाठी, झुन्ना तिवारी, सभासद संजय सिंह, विचित्र प्रताप सिंह, विमलेश मिश्र, आचार्य देवानंद मिश्र, सर्वेश मिश्र, राजेन्द्र दुबे, अनूप प्रतापगढ़ी, प्रियम मिश्र, बृजेश द्विवेदी, डा. आरबी सिंह, डा. रमाशंकर शुक्ल, विकास मिश्र आदि ने यहां हुई शोकसभा में स्वर्गीय मिश्र के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। स्वर्गीय सूर्यपाल अपने पीछे पुत्र पूर्व बीडीसी लल्लन मिश्र, सज्जन मिश्र, बब्बन मिश्र, लल्लू मिश्र समेत भरा पूरा परिवार छोड गये हैं।

# कोर्ट की फटकार पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ दलित की हत्या एवं शव छिपाये जाने का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के रामपुर कसिहा निवासी स्व. रामधनी सरोज की पत्नी सावित्री सरोज ने कोर्ट से फरियाद की कि बीती तीस जून को उदयपुर थाना का बसावन का पुरवा राहाटीकर निवासी आरोपी गुलाब सिंह चैहान पुत्र महेश तथा नन्हें सिंह चैहान पुत्र रामभरोस शाम लगभग पांच बजे उसके घर आये। आरोपियो ने उसके पति रामधनी सरोज को घर से रानीगंज कैथौला बाजार बुलाकर ले गये। देर शाम तक रामधनी घर नही पहुंचा तो पीडिता अपने बेटे रोशन लाल के साथ उसकी खोजबीन करने लगी।

आरोपियो से जब पीडिता ने पति के विषय मे जानकारी चाही तो आरोपियो ने उसे तथा उसके बेटे को जातिसूचक गाली देकर भगा दिया। इसके बाद घटना के ही दिन रात्रि बारह बजे पति का शव आरोपी गुलाबचंद्र के रानीगंज कैथौला स्थित गैरेज के पीछे रात्रि बारह बजे पड़ा मिला। पत्नी ने पति की मौत को लेकर आरोपियो के खिलाफ कोतवाली पुलिस को हत्या की आशंका को लेकर तहरीर सौपी। जांच के नाम पर पुलिस ने केस नही दर्ज किया। तब मजबूरन पीड़िता ने कोर्ट से इंसाफ की फरियाद की। कोर्ट की फटकार पर पुलिस ने बुधवार की रात आरोपियो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## एमडीपीजी कालेज में आज से होगा स्मार्टफोन का वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एम डी पी जी कॉलेज में बीकॉम, बीएससी एवं बीए तृतीय वर्ष के 2021-22 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन 28 अक्टूबर से वितरित किया जाएगा। महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि 28 अक्टूबर को बीकॉम एवं बीएससी तृतीय वर्ष तथा 29 एवं 30 अक्टूबर को बीए के छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया जाएगा। 29 अक्टूबर को क्रमांक 398 से 766 तक तथा 30 अक्टूबर को 767 से 1135 क्रमांक के छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा। सूची में शामिल छात्र -छात्राएं उक्त तिथि को दोपहर 12 बजे कॉलेज के परिचय पत्र, आधार कार्ड एवं तृतीय वर्ष के अंक पत्र की मूल प्रति के साथ ही हाई स्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक तीनों वर्ष के अंकपत्र व आधार कार्ड के छायाप्रतियों का एक सेट साथ में अवश्य लाएं।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा से उ0नि0 अशोक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र जेठवारा तांत्रिक तिराहा के पास से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 276/22 धारा 376, 384, 504, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में 01 वांछित अभियुक्त विनय कुमार सरोज पुत्र राजेश कुमार सरोज नि0 महियामऊ पण्डित का पुरवा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### 2 किलो 670 ग्राम गांजा के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुलिस द्वारा पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 670 ग्राम गांजा बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक शिव शरण गौड़ मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिलीप अग्रहरि पुत्र सत्य नारायण अग्रहरि तिल्हापुर गांव थाना सराय अकिल को 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया है इसी तरह थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक शिव शरण गौड़ मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम छाया अग्रहरि पुत्र पुत्र राम पाल अग्रहरि तिल्हापुर गांव थाना सराय अकिल को 350 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया है इसी तरह थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लवकुश निषाद पुत्र जगतपाल निषाद घोघपुर थाना के महेवाघाट को 550 ग्राम अवैध गांजाके साथ गिरफ्तार किया। इसी तरह थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सबील अहमद पुत्र कफील अहमद नजरगंज बड़ागांव थाना कोखराज को 01 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा केसाथ गिरफ्तार किया गया है इसी तरह थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मान सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को 270 ग्राम अवैध गांजाके साथ गिरफ्तार किया है।

# रेलवे के 2 इंजन टकराये 2 लोग घायल क्षेत्र में मची सनसनी

## पलटते पलटते बचे डिब्बे सैकड़ो लीटर बह गया प्रेसर तेल

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई रेलवे फाटक के पास नव निर्मित रेलवे ट्रैक(डीएफसी लाइन) के अपलाइन पर आज गुरुवार सुबह 7.30 बजे 2 ट्रेन के इंजन आपस मे टकरा गए तेज आवाज से क्षेत्र में सनसनी मच गयी आसपास के गाँव के तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

घटना के मुताबिक नवनिर्मित रेलवे ट्रैक(डीएफसी लाइन) खम्भा नम्बर 348 /25/27 के पास रेलवे टीटीएम डिब्बा मशीन खड़ी थी उसी ट्रैक पर पीवीआर रेल डिब्बा मशीन तेज स्पीड से टीटीएम रेल डिब्बा मशीन से टकरा गई जिससे भयानक



इंजन के टकराने के बाद खुले पहिए

आवाज के साथ टीटीएम मशीन के पहिये खुल कर बाहर निकल गए हादसे में 2 लोग घायल हो गए मौके पर पहुंचे ग्रामीण और रेल कर्मियों ने दोनों घायलों को स्थानीय गांव में ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया है और तुरंत ही ऐन केन प्रकरेण रेल डिब्बों को टोचन कर फतेहपुर की तरफ निकल गए हैं।दुर्घटना की वजह से सैकडों लीटर डीजल (प्रेसर तेल )बह गया जिसे मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने डिब्बों में भरना शुरू कर दिया दुर्घटना की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया डीएफसी लाइन का कर्मचारी कपिल देव हड़बड़ाते हुए किसी बात का उचित जवाब नही दे रहा था उसके अनुसार वह ट्रैक पर सिग्नल दिखा रहा था उसकी लापरवाही साफ दिख रही थी यदि दोनों डिब्बे पलट जाते तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नही किया जा सकता था।

### भांग का ठेका बेखौफ बिकता है गांजा

**कौशांबी।** वैसे तो जिले के लगभग अधिकतर भांग के ठेके गांजा बेचने के लिए पिछले तीन दशक से बदनाम है लेकिन दीपावली के एक दिन पूर्व पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अंतर्गत भांग की दुकान में खुलेआम गांजा बेचने का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ठेकेदार के कर्मचारियों का और खरीददारों के बीच बातचीत भी सब कुछ स्पष्ट कर रही है लेकिन गाँजा बेचने की बात ना तो पुलिस मानने को तैयार है ना आबकारी अधिकारी गाँजा बिक्री की बात को मानने के लिए तैयार है जिले के बड़े अफसर तो गांजा विक्रय की बात सिरे से खारिज कर रहे हैं चायल पुलिस चौकी क्षेत्र के जिस दुकान में गांजा बिक्री की बात हो रही है यह दुकानदार जितनी कीमत की एक वर्ष में भांग की बिक्री करता है उस से 100 गुना अधिक की रकम यह सरकार को भांग के ठेका की नीलामी में देता है आखिर इस दुकान दार के पास भांग बिक्री से 100 गुना अधिक नीलामी में ठेका लेने के पीछे आमदनी का क्या श्रोत है इस पर भी पुलिस से लेकर शासन प्रशासन के अधिकारियों ने अभी तक जांच नहीं कराई है जिससे भांग के ठेके के आड़ में बेखौफ तरीके से पूरे दिन गाँजा की बिक्री का यह खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है जो योगी सरकार की व्यवस्था पर जोरदार तमाचा है

## न्यूज झरोखा

### आराजकतत्वो ने रात में गिरा दिया निर्माणाधीन बाउंड्री रिपोर्ट दर्ज



**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के बाबा टी वी एस चौराहा रसूल पुर गिरसा के पास निमार्णाधीन बाउंड्री को बीती रात्रि को आराजकतत्वों ने गिरा दिया जिससे भू मालिक डरा वा सहमा हुआ है 'निर्माण हो रहे बाउंड्री को रात में आराजक तत्वों द्वारा गिराए जाने की जानकारी होने पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है बताते चलें कि मेहता रोड निवासी डॉ स्व कमलेश केसरवानी ने रसूल पुर गिरसा हाईवे पर वर्ष 2016 मे जमीन रसूलपुर गिरसा निवासी स्व गया प्रसाद तिवारी से खरीदी थी जिसकी रजिस्ट्री करा ली गई थीं डॉ पिता की मृत्यु के बाद बेटा डॉ मयंक केसरवानी द्वारा अपनी जमीन की नाप जोख कराकर अपनी बाउंड्री करा ही रहा था जिसमे पांच पांच फुट की बाउंड्री भी उठाकर तैयार हो गई थीं अराजकतत्वों द्वार रात मे बाउंड्री गिरा दी गई इतना ही नहीं बाउंड्री निर्माण के वक्त पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर खड़ा दिया गया था उसे भी अराजक तत्वों ने जमीन पर गिरा दिया है सुबह होने पर जमीन मालिक को जानकारी हुई उसने बताया की अराजकतत्व कही बाहर के नही बल्कि गिरसा गांव के ही लोग है जिनकी एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना कोखराज में प्रार्थना पत्र दे दिया गया है '

### पुलिस टीम ने मंझनपुर कस्बे में किया पैदल गस्त



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने मंझनपुर कस्बे में मंगलवार को पैदल गस्त किया है इस दौरान पुलिस टीम ने कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए जन मानस में सुरक्षा का अहसास कराया है क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुरअतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर प्रभारी महिला थाना एवं उपनिरीक्षक गण के साथ कस्बा मंझनपुर में पुलिस टीम द्वारा पैदल गस्त करके शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई एवं जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चैकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया / चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 131 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया।

# हासिमपुर किनार के भ्रष्टाचार की जांच ना पूरी होने से आक्रोशित किसान नेता करेंगे डीएम का घेराव



ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन नेता

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के हासिमपुर किनार गांव में भ्रष्टाचार की शिकायत बीते दिनों भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के नेताओं ने 17 अक्टूबर को जिलाधिकारी से की थी जिला अधिकारी ने प्रकरण में जांच का निर्देश भी दिया लेकिन हासिमपुर किनार के भ्रस्टाचार की जांच नहीं पूरी हो सकी है जिससे भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है जांच और कार्यवाही ना पूरी होने से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने ऐलान किया है कि यदि भ्रष्टाचार की जांच में हीलाहवाली की गई तो आक्रोशित सैकड़ों किसान बलहे पुर कार्यालय से बूंदा तिलहापुर मोड़ बेनीराम कटरा करारी ओसा के रास्ते पैदल यात्रा कर जिला अधिकारी कार्यालय पहुँचेगे और जिलाधिकारी का अनिश्चित कालीन घेराव करेंगे उन्होंने इस संबंध में एडीजी जोन को पत्र देकर सूचित किया है कि घेराव के पूर्व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### अंबेडकर मूर्ति फिर न लगाए जाने से आक्रोशित किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

**कौशांबी।** रसूलपुर सुकवारा ग्राम सभा में पार्क में रक्खी अंबेडकर की मूर्ति को बीते दिनों अराजक तत्वों ने हटा दिया था जिस पर किसान यूनियन भानु गुट ने अधिकारियों को सूचित कर फिर से अंबेडकर की मूर्ति रखने की मांग की थी भारतीय किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि इसी पार्क में अंबेडकर मूर्ति के सामने बीते कई वर्षों से अंबेडकर जयंती मनाई जा रही है और सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नियत रखने वाले कुछ अराजक तत्व मूर्ति को हटाकर जमीन कब्जा करना चाहते हैं भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के जिला अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में तमाम किसान उप जिलाधिकारी से मिले और अंबेडकर पार्क में फिर से मूर्ति स्थापित करने की मांग की है

### भव्य कलश यात्रा के साथ सहस्त्र चंडी महायज्ञ के आयोजन की तैयारी पूर्ण



**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनकल्याण एवं विश्व शांति हेतु भव्य सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है भव्य सहस्त्र चंडी महायज्ञ के पूर्व 28 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे नगर वासियों द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन नगर में किया गया है जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करेंगी। अग्नि स्थापना 29 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे किया जाएगा 29 अक्टूबर से सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा और 7 नवंबर तक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन प्राचीन दुर्गा मंदिर प्रांगण में काशी के विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा।सहस्त्र चंडी महायज्ञ के दौरान भक्तों द्वारा देर रात रात्रि तक परिक्रमा किया जाएगा काशी के विद्वान पंडितों ने बताया कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ की परिक्रमा करने से जितना पुण्य लाभ जजमान को मिलता है उतना ही पुण्य लाभ परिक्रमा करने वाले भक्तों को मिलता है कार्यक्रम के संरक्षक बैजनाथ प्रसाद केसरवानी वरिष्ठ पत्रकार अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी भाजपा नेता उपाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी राजन बाबू आदि ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले में पहली बार भब्य सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 7 नवंबर को सामूहिक हवन एवं भव्य भंडारा का आयोजन आयोजकों द्वारा किया गया है

# महिला मरीज की मौत के बाद क्लीनिक सीज

अखंड भारत संदेश



अस्पताल सीज के समय मौजूद चिकित्सक व पुलिस टीम

**कौशांबी।** इलाज में लापरवाही के चलते एक महिला मरीज की मौत हो गई थी शिकायत के बाद सीएमओ के निर्देश पर चायल सी एच सी अधीक्षक डॉ मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व मे झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक अस्पताल को सीज कर दिया गया है कार्यवाही की जानकारी क्लीनिक संचालक को पहले ही लग गई थी जिस पर वह मौके से फरार हो गया है।

जानकारी के मुताबिक मुरादपुर फतेहपुर शहाबपुर मे 25 अक्टूबर 22 को आशा देवी पत्नी सुग्गी लाल की बीमारी का इलाज झोलाछाप डॉक्टर रामबाबू की क्लीनिक के चिकित्सकों द्वारा गलत तरीके से किए जाने के कारण आशा देवी की मृत्यु हो गई थी इलाज में चिकित्सक की लापरवाही से महिला मरीज की मौत के बाद मामले की शिकायत परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक अस्पताल की जांच कर क्लीनिक को सीज करने का निर्देश दिया

सीएमओ के आदेश के बाद चायल सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मुक्तेश्वर द्विवेदी के द्वारा एसडीएम चायल से सुरक्षा हेतु पुलिस बल की मांग करते हुए एक टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएससी अधीक्षक डॉ मुक्तेश्वर द्विवेदी के नेतृत्व में डॉ अमित सिंह, डॉक्टर आजम खान, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक शैलेंद्र कुमार, शेर सिंह (डीवीसी) प्रयोगशाला प्राविधिक तारा सिंह व पिपरी थाना इंस्पेक्टर श्रवण कुमार सिंह तथा उनकी टीम एवं ग्राम प्रधान गणेश पाल की मौजूदगी में गुरुवार को झोलाछाप डॉक्टर के अस्पताल का निरीक्षण किया टीम के पहुंचने के पूर्व ही झोलाछाप डाक्टर रामबाबू को कार्यवाही की जानकारी मिल गई जिस पर वह मौके से फरार हो गया अस्पताल संचालक के फरार होने के बाद जांच के दौरान अस्पताल गलत पाए जाने पर क्लीनिक अस्पताल के साजो सामान के साथ स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल को सीज कर दिया है।

### फर्जी पासपोर्ट धारक की बढ़ी मुश्किलें

**कौशाम्बी।** सैनी थानांतर्गत एक युवक ने प्रशासन के सारे कायदे कानून को धता बताते हुए फर्जी पासपोर्ट के सहारे अरब देश की सैर कर लौट आया। जब इस बात की भनक प्रशासन को हुई तो उसके हाथ-पांव फूल गए आनन फानन में प्रशासन ने उस पर जांच बैठा दी। जांच बैठते ही जांच की आंच में न फंसे इसलिये चालबाज युवक सत्ता के मंत्री के परिजनों की परिक्रमा लगाने लगा। मालूम हो सैनी थान अंतर्गत परास निवासी एहसान उस्मानी ने फर्जी पासपोर्ट बनवाकर भारत सरकार की गाइड लाइन सकते में डाल दिया। फर्जी पासपोर्ट के सहारे खाड़ी देश मे कमाई करने गया था। मजे की बात फर्जी पासपोर्ट पर विदेश की सैर कर वापस भी आ गया लेकिन जब इस बात की भनक प्रशासन को हुई तो प्रशासन ने युवक पर जांच बैठा दी। जांच में फंसने के डर से युवक सत्ताई परिजनों की गोद मे खेलने लगा जिसके चलते प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा। दबाव में विवेचक रहे तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले में क्लीन चिट दे दी। मामले में अदालत ने शख्त रुख अख्तियार करते हुए विवेचक की लापरवाही पर तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक रहे आशुतोष मिश्रा पर शिकंजा कस दिया है। मामले में 10 नवम्बर को अदालत ने विवेचक को तलब किया है

# सब कुछ स्पष्ट होने के बाद आत्म हत्या के लिए प्रताड़ित करने के आरोपी विजय को नही भेजा गया जेल

अखंड भारत संदेश

**चरवा थाना क्षेत्र में छात्र सिद्धार्थ की आत्महत्या का मामला**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा कस्बे के उत्तर थोक चरक मुनि नगर के रहने वाले छात्र सिद्धार्थ पाण्डेय पुत्र शारदा प्रसाद पाण्डेय के 25 अक्टूबर को आत्महत्या करने के बाद तमाम सवाल छूट गए हैं इन सवालों का जवाब तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक नहीं मिल सका है आखिर स्कूल के छात्र ने आत्महत्या के पूर्व विजय नाम के किस शख्स को प्रताड़ना करने का दोषी ठहराया है छात्र के आत्महत्या के पूर्व में लिखे गए सुसाइड नोट में किस व्यक्ति का मोबाइल नंबर अंकित किया गया है हालांकि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है छात्र ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि मम्मी हमका माफ करना इतनी बेइज्जती बर्दास्त नहीं कर सकता हूं हो सके तो विजय से हमको न्याय दिला देना छात्र किस बेज्जती की बात कर रहा है उसके साथ ऐसा कौन सा कृत्य हुआ है जिसकी वजह से उसने इतनी अधिक बेइज्जती महसूस की कि उसे आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा ग्यारहवीं के छात्र की सुसाइड नोट ने बहुत कुछ साफ कर दिया है कि उसकी मौत का जिम्मेदार कौन है। मृतक छात्र के सुसाइड नोट को पढ़ कर हर कोई स्तब्ध है। मरने के पूर्व में छात्र को किसने बंद कमरे में बुलाया था और घंटों कमरे के अंदर छात्र को कौन सी प्रताड़ना दी गयी है जिससे उसे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा मौत को गले लगाने से पहले मृतक छात्र ने मम्मी और बैबल क्षमा मांगते हुए किसी विजय नाम के शख्स के बारे में भी लिखा है कि उसको विजय से काफी भय है। वह इतनी बेइज्जती बर्दास्त नहीं कर सकता है। इसलिए वह मौत को गले लगा रहा है। छात्र द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट के मुताबिक उसने लिखा है कि हो सके तो विजय से उसको न्याय दिलाना लेकिन घटना को 3 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक विजय नामक शख्स को जेल नही भेजा गया है सिद्धार्थ की मौत के दोषी विजय को पकड़कर उससे गुनाह कबूल करवाने का प्रयास पुलिस महकमे ने नहीं किया है पुलिस सूत्रों की माने तो थाने के आसपास ही आरोपी विजय मौजूद है यदि सूत्रों की माने तो छात्र को जिस तरह से विजय ने प्रताड़ना दी है उसकी सभ्य समाज में कल्पना नहीं की जा सकती कि विजय नामक यह व्यक्ति इस हद तक गिर जाएगा जिससे छात्रों को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़े और समाज विजय के कृत्य की कटु निंदा करने लगे छात्र सिद्धार्थ के सुसाइड नोट में मोबाइल नंबर 8737 88 6587 अंकित किया गया है यह मोबाइल नंबर सिद्धार्थ के आत्महत्या के बाद से स्विच ऑफ जा रहा है लेकिन जब मोबाइल नंबर को डायल किया जाता है तो कॉलर टीयून में किसी विजय साहू नाम का जिक्र आता है और विजय साहू नाम का एक सिपाही चरवा थाने में तैनात है लेकिन अभी तक चरवा थाने के सिपाही के कारनामों की जांच चरवा पुलिस नहीं कर सकी है सब कुछ स्पष्ट होने के बाद आखिर छात्र सिद्धार्थ को प्रताड़ित करने के दोषी विजय पर कार्यवाही करने में चरवा पुलिस क्यों हीला हवाली कर रही हैं आखिर इस मामले में चरवा थानेदार का मामले को लटकाने के पीछे क्या मंशा है यह एक बड़ी जांच का विषय है

# मनौरी बाजार में व्यापारियों के साथ बहनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भैया दूज का पर्व

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशांबी।** पूरे जिले में भैया दूज का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया है बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया है व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों में गणेश लक्ष्मी की पूजन कर नए व्यापार की शुरूआत की है मनौरी बाजार में मंगलवार को भैया दूज का त्यौहार सभी व्यापारियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया भैया दूज के शुभावसर पर ब्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों में भगवान श्री गणेश धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर जी की पूजा पाठ कर अपने इष्ठमित्रो को लड्डू का प्रसाद वितरण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ भैया दूज का पर्व मनाया है भाइयों को तिलक लगाने के लिए बहने भी भैया दूज के पर्व पर भाइयों के घर पहुंची हैं और उन्हें तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर भाइयों के रक्षा का संकल्प लिया है भैया दूज के शुभावसार पर पिपरी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार,चायल चौकी इंचार्ज ने भारी पुलिस बल के साथ मनौरी नगर का भ्रमण किया और व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जाकर सभी व्यापारियों का कुशलक्षेम भी पूछा जाना

### भैया दूज के मद्देनजर पिपरी पुलिस की हर चौराहे पर रही पैनी नजर



भैया दूज के पर्व पर मनौरी बाजार में गश्त करती पुलिस

# गांव के विकास को मिलने वाले धन से नेता जी के आगमन में लगे शामियाने का कर्ज.चुकता करेगा विकास खण्ड

अखंड भारत संदेश

**जब नेताओं के आगमन स्वागत गांव के विकास के लिए आने वाले धन से होगा तो कैसे हो पाएगा गांव का विकास चिंता में पड़ी जनता**

**कौशांबी।** नेता जी के आगमन में शामियाने व कुर्सी में हो चुके लाखों के खर्च को गांव को झेलना पड़ रहा है गांवों के विकास व जनमानस के मूलभूत सुविधाओं को मिलने वाली सरकारी धनराशि से नेताओं के आगमन का स्वागत में हुए खर्च की भरपाई विकासखड के माध्यम से कराई जा रही है आपको बताते चलें कि नेवादा विकासखंड के अधिकारियों द्वारा समस्त गांव से चंदा लेकर नेता जी के आगमन एवं स्वागत मे लगे शामियाने के खर्च के कर्ज को पूरा करने के लिए नेवादा विकासखंड के समस्त गांवों से चंदा वसूला जा रहा है। सूत्रों की माने तो सात हजार रुपये प्रति कैलेंस्टर के हिसाब से चंदा वसूला जा रहा है अब सोचने वाली बात यह है कि जिस पैसे से गांव का विकास होना था वह नेता जी के आगमन व स्वागत मे खर्च हो रहे हैं तो गांव का विकास कैसे संभव हो सकता है। हम आप को समझाएंगें कैलेंस्टर क्या है दो ग्राम पंचायतों व उससे अधिक का मिश्रण कर एक कैलेंस्टर तैयार किया गया है। सूत्र बताते हैं कि नेवादा विकासखंड मे बनाये गये समस्त कैलेंस्टर से 7 हजार रुपये की वसूली की जा रही हैं जो एक बहुत बड़ा भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। जिस पर क्षेत्र की जनता ने बहुत ही अफसोस जाहिर किया है। जिसकी चर्चा कई दिनों से चाय एवं पान की दुकानों में बैठे हुए लोगों की जुबानी भी सुनी जा रही है। चंदा वसूले जाने के मामले में अभी उच्च अधिकारी अनजान बने हुए हैं

### तमंचा कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** थाना करारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अलीम उर्फ टमटा पुत्र सलीम सोनारण टोला करारी वा अफजल पुत्र मोहम्मद नियाज निवासी करारी के कब्जे से तमंचा व कारतूस पुलिस ने बरामद किया है पुलिस ने तमंचा कारतूस बरामद करने के बाद थाने में मुकदमा पंजीकृत कर दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया है।

### दो वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक कामता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 273/89 धारा 395/397 भादवि से सम्बन्धित वारटी अभियुक्त राम बरन पुत्र शिव बरन मौलवीपुर थाना सैनी को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया इसी तरह थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 643/10 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त राम अवतार पुत्र राम भजन पथरावां थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 22 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 03, थाना करारी से 03, थाना कौशाम्बी से 02, थाना चरवा से 04, थाना सैनी से 03, थाना कड़ाधाम से 05, थाना कोखराज से 02) कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संपादकीय

# कांग्रेस में अब खड़गे दौर

**कांग्रेस** में बुधवार 26 अक्टूबर से एक नए दौर की शुरूआत हुई है। पिछले हफ्ते मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में शशि थरूर को भारी अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। और अब उन्होंने बाकायदा कांग्रेस की कमान संभाल ली है। पिछले ढाई दशकों से लगातार सोनिया गांधी ही कांग्रेस का नेतृत्व कर रही थीं। बीच में दो साल के लिए 2017 से 2019 तक राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद संभाला, लेकिन सोनिया गांधी फिर भी केंद्र में बनी ही रहीं। पाठक जानते हैं कि सोनिया गांधी राजनीति में आने की इच्छुक नहीं थीं। अपनी सास इंदिरा गांधी और पति राजीव गांधी की क्रूर हत्याएं उन्होंने देखी हैं। लेकिन जब उन्होंने महसूस किया कि कांग्रेस को उनकी सख्त जरूरत है, तो अपनी अनिच्छाओं, असुविधाओं और आशंकाओं को पीछे करते हुए उन्होंने अध्यक्ष पद की महत्तर जिम्मेदारी संभाली। जब 1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस की बागडोर अपने हाथ में ली, तब केवल मध्यप्रदेश, ओडिशा और मिजोरम में कांग्रेस की सरकारें थीं। उस दौर में भारतीय राजनीति के पटल पर लालू प्रसाद यादव, मायावती, मुलायम सिंह यादव जैसे क्षेत्रीय राजनीति के पुरोधा अपना दबदबा दिखला रहे थे। और इस दौरान राम मंदिर आंदोलन से भाजपा भी राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को चुनौती दे रही थी। अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा केंद्र की सत्ता में आ चुकी थी। भाजपा के पास हिंदुत्व का मुद्दा था, जिसके बूते ध्रूवीकरण की राजनीति की जा रही थी। आर्थिक मोर्चे पर संकट थे, लेकिन नीतियां नरसिंह राव के शासनकाल जैसे ही थी। ऐसे माहौल में सोनिया गांधी के सामने कांग्रेस को मजबूत करने की चुनौती तो थी ही, राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस क्यों जरूरी है, इस सवाल का संतोषजनक जवाब भी जनता को देना था। कहने की जरूरत नहीं कि सोनिया गांधी ने ये दोनों काम बखूबी किए। नतीजा ये रहा है कि कांग्रेस ने 2004 का लोकसभा चुनाव जीता और यूपीए की सरकार केंद्र में बनी। फिर 2009 में यही सफलता फिर दोहराई गई। हालांकि इसके बाद भाजपा ने भी अपनी रणनीतियों में बदलाव किया। नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय राजनीति के केंद में कैसे लाया जाए, और भाजपा दीर्घकाल तक सत्ता में कैसे बनी रहे, इसकी तैयारी भाजपा ने की। 2014 से कांग्रेस की हार का सिलसिला शुरू हुआ, इसके साथ ही बिखराव भी होता गया।

अब कांग्रेस के कई कद्दावर नेता भाजपा समेत दूसरे दलों में हैं। पार्टी

# जारी रहे सफर

**सर्वमित्रा सुरजन**

**जहां** तक बच्चों के गलत इस्तेमाल का आरोप है, तो बाल मनोविज्ञान यही कहता है कि अगर बच्चों की मर्जी के बिना उनसे कोई काम करवाया जाए, तो वे उदास होते हैं, रोते हैं, हाथ-पैर पटकते हैं। मगर भारत जोड़ो यात्रा की जितनी तस्वीरें सामने आई हैं, सभी में बच्चे राहुल गांधी से मिलकर बेहद खुश दिख रहे हैं। उन्हें अगर जबरदस्ती यात्रा में शामिल किया जाता तो इसकी कोई झलक कहीं दिखती या उनके अभिभावक कोई शिकायत करते। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है कि भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस बच्चों का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव प्रचार में इस्तेमाल कर रही है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए भारत जोड़ो की तर्ज बनाते हुए कहा कि कांग्रेस का जवाहर बाल मंच बच्चे जोड़ो अभियान चला रहा है। पिछले महीने भी आयोग ने ऐसी ही एक और शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में बच्चों का राजनीतिक साधन के रूप में दुरुपयोग किया गया। आयोग ने इसके लिए राहुल गांधी पर कार्रवाई की मांग की थी। यह देखकर अच्छा लगता है कि हमारे देश का बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों के हित और हिफाजत के लिए कितना मुस्तैद है कि लगातार दो महीने एक पार्टी के खिलाफ एक जैसी शिकायत दर्ज करवाई जा रही है। आयोग की ऐसी ही मुस्तैदी जारी रही तो जल्द ही देश से बाल मजदूरी का नामोनिशान मिट जाएगा। कोई बच्चा पटाखा बनाने वाले कारखानों, ढाबों या ट्रैफिक सिग्नल पर नहीं दिखेगा। बाल विवाह जैसी कुप्रथा इतिहास बन जाएगी। कोई बच्चा भीख मांगने पर मजबूर नहीं होगा, न ही बच्चों की खरीद-फरोख्त कर उनके यौन शोषण का कोई खतरा रहेगा। बड़े शहरों के शापिंग मॉल्स और फास्ट फूड दुकानों के बाहर किसी की जूठन मिल जाने की आस में इधर-उधर भटकते बच्चे भी नहीं दिखेंगे। सभी बच्चे स्कूल जाते दिखेंगे। बच्चों के हाथों में किताबों और खेलने के लिए खिलौने होंगे और मजहबी शिक्षा देकर उन्हें धर्म का गुलाम तो बिल्कुल ही नहीं बनाया जाएगा। ये बच्चे हिंदू और मुसलमान के नाम पर एक-दूसरे को मारने का प्रशिक्षण नहीं लेंगे। कोई बच्चा अपनी जाति के कारण मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का शिकार नहीं होगा। नशे की लत से बच्चे कोसों दूर रहेंगे और हर बच्चे को दूध, दही, अंडे, फल, सब्जियों का पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। अभी ये सारी बातें आकाश कुसुम की तरह लग रही हैं, लेकिन राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग अगर बच्चों के लिए फिक्रमंद नजर आ रहा है, तो ये सुखद कल्पनाएं वाकई सच हो जाएंगी। और फिर भारत जोड़ो यात्रा जैसे किसी महाअभियान की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, क्योंकि राहुल गांधी नफरत, हिंसा, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ ही इस पदयात्रा पर निकले हैं। इन समस्याओं से सबसे अधिक देश के भावी नागरिक ही प्रभावित होंगे, इसलिए अभी से उन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। बहरहाल, अभी आयोग को शिकायत है कि भारत जोड़ो यात्रा में बच्चों का गलत इस्तेमाल हो रहा है।

# भारतीय करेंसी पर स्वार्थप्रेरित राजनीति से उपजा

**ललित गर्ग**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में एक अजीबोगरीब बयान देते हुए भारतीय रुपये पर भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की फोटो लगाने की मांग की। गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश चुनाव से ठीक पहले केजरीवाल ने हिंदुत्व कार्ड खेलते हुए तर्क दिया कि नोट पर एक तरफ गांधीजी औ? दूसरी तरफ लक्ष्मी-गणेश की फोटो होगी तो इससे पूरे देश को उनका आशीर्वाद मिलने के साथ आर्थिक संकट से मुक्ति मिलेगी। निश्चित ही लक्ष्मीजी को समृद्धि की देवी माना गया है तो वहीं गणेशजी सभी विघ्न को दूर करते हैं। लेकिन प्रश्न है कि धर्मनिरपेक्ष भारत में ऐसे सवाल खड़े होना देश के लिए क्या अच्छी बात हैं? क्या अपनी राजनीति को चमकाने के लिये एकाएक ऐसे बयान से बहुसंख्यक समाज को आकर्षित करना औचित्यपूर्ण है? क्या इस तरह की मूल्यहीन एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवरोध एवं सौहार्द-भंग का कारण नहीं बनती? देश संविधान से चलता हैं किसी धर्म से नहीं? अब ऐसे कई सवाल उठने लगे हैं, विवाद खडे.हो रहे हैं एवं देश की एकता एवं सांझा-संस्कृति की अक्षुण्णता को लेकर राजनीतिक चर्चाएं गरमा रही है। आर्थिक विकास हर व्यक्ति की अभीप्सा है, लेकिन क्या नोटों पर देवी-देवता की तस्वीर छाप देने मात्र से यह संभव है?
भारत एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां विभिन्न जाति, धर्म, वर्ग, भाषा, मान्यता के लोग मिल-जुलकर रहते आये हैं। यही विविधता में एकता भारत की ताकत भी है और सौन्दर्य भी है। किसी भी राष्ट्र को उन्नत और समृद्धि की ओर अग्रसर करने में सक्रिय, साफ-सुथरी, स्वार्थरहित एवं मूल्यों पर आधारित राजनीति की सर्वाधिक आवश्यकता रहती है। वहीं शासन-व्यवस्था या राजनीति अच्छी है जो किसी एक धर्म के प्रति विशेष झुकाव नहीं रखती। मुद्रा पर महात्मा गांधी के फोटो का औचित्य समझा जा सकता है, जब सवाल उठाया गया कि गांधीजी ही क्यों? देश में और भी कई ऐसे नाम थे जो देश को आजाद कराने में आगे खड़े रहे। इस संबंध में आरबीआई ने बताया कि गांधीजी का इसलिए चयन किया गया ताकि कोई वर्ग उनका विरोध नहीं कर सकता था। इसके अलावा देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में उनकी अहम भूमिका रही। लेकिन अगर वहां देवताओं की तस्वीरें लगेंगी, तो एक नया विवाद एवं बिखराव का सिलसिला शुरू होगा। अन्य धर्मों की ओर से भी ऐसी ही मांग उठेगी और शायद मुद्रा का धार्मिकीकरण हो जाएगा। फिर आप मुद्रा पर किन-किन धर्म-प्रमुखों की तस्वीरें लगाते रहेंगे? किसी एक धर्म-विशेष के देवी-देवताओं की तस्वीर मुद्रा पर देने से अन्य मजहब के लोगों के द्वारा आपत्ति किया जाना स्वाभाविक है। लेकिन इसकी गंभीरता को समझे बिना राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित केजरीवाल का कहना है कि अगर इंडोनेशिया में नोट के ऊपर गणेशजी की फोटो लगाई जा सकती है तो भारत में क्यों नहीं लगाई जा सकती? आरोप लगाने वाले तो 100 आरोप लगाएंगे उन्हें आरोप लगाने दीजिए, इस तरह एक स्थापित राजनेता का देश की जनता को बांटने वाला बयान हास्यास्पद होने के साथ चिन्ताजनक है। प्रश्न है कि मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने वाले केजरीवाल एकाएक हिन्दू वोटरों को क्यों रुझाने लगे? राजनीति एक विचारधारा एवं सिद्धान्त पर चलनी चाहिए। मुद्रा पर किसी देव या देवी की मूर्ति होने से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और देश में माहौल दैवीय हो जाएगा, अच्छी सोच है, लेकिन ऐसी सोच रखने वाले कौन लोग है, उसका क्या स्वार्थ है, यह विशेष महत्व रखता है। हमारे लोकतंत्र में स्वार्थप्रेरित इस तरह के सुझावों के लिये न जगह है और न समय। देश के संविधान की यही भावना है कि कोई भी राजनीतिक दल वोट के लिए धर्म या उसके प्रतीकों का इस्तेमाल न करे। जहां तक प्रश्न इंडोनेशिया का है, यह सत्य तथ्य है कि वहां की करेंसी नोट पर किसी समय भगवान गणेश की तस्वीर हुआ करती थी। इंडोनेशिया दुनिया का एकमात्र देश है, जहां की 87.5 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और 1.7 प्रतिशत आबादी हिंदू है। फिर एक दौर में आर्थिक संकटों से उबरने के लिये यहां 20,000 रुपये के नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर छपती थी। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश ने यह प्रयोग करते हुए आर्थिक संकटों से निजात भी पाई। लेकिन गौर करने वाली बात यह भी है कि इंडोनेशिया में हिंदू देवताओं और प्रतीकों का उपयोग आम बात है क्योंकि शुरूआती शताब्दियों में, इंडोनेशिया हिंदू धर्म से काफी प्रभावित था। जिसे इस देश में स्थित विभिन्न मंदिरों, मूर्तियों में देखा जा सकता है। लेकिन इंडोनेशिया एवं भारत की राजनीतिक, संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक स्थितियों में काफी भिन्नता है। ध्यान रहे कि आधिकारिक तौर पर वहां छह धर्मों को मान्यता मिली हुई है, जबकि भारत में किसी धर्म को आधिकारिक मान्यता नहीं है। विवाद से बचने के लिए ही संविधान निमार्ताओं ने न तो ईसाई परंपरा का ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया और न सनातन परंपरा का विक्रम संवत। हमने शक संवत को आधिकारिक मान्यता दी। हां, इंडोनेशिया का हमें अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि वहां की राजनीति या नीतियां कट्टरता को पोषित नहीं करती हैं। भारत में विभिन्न धर्मों में लोगों की सोच परस्पर उस तरह मेल नहीं खाती, जिस तरह इंडोनेशिया में हम देखते हैं।




> दुनिया की टूटती-बिखरती अर्थ-व्यवस्था के बीच भारत की अर्थ-व्यवस्था संभली हुई है तो यह किन्हीं दैवीय शक्तियों के साथ साफ-सुथरी नीति से शासन करने वालों की देन है। इन सुखद स्थितियों की प्रशंसा की बजाय उसकी आलोचना उचित नहीं है

अगर भारत को अपनी मुद्राओं पर धार्मिक प्रतीक चाहिए, तो सभी दलों को मिल-बैठकर विचार करना होगा। साथ ही सांविधानिक प्रावधानों को परखते हुए आगे बढ़ना होगा। अगर हम केवल राजनीतिक गणित, स्वार्थप्रेरित वोट बैंक पर नजर रखेंगे तो सांप्रदायिक आग में झुलसते रहेंगे।

भारत में देवताओं की तस्वीर वाली मुद्राओं की मांग नई नहीं है। यह तर्क पुराना है कि प्रथम पूजे जाने वाले देवता के रूप में भगवान गणेश के फोटो को भारतीय मुद्रा पर चित्रित किया जा सकता है, जिससे भारत सभी विघ्नों से मुक्त होकर ज्ञान, कला और विज्ञान से परिपूर्ण बन सके। धन की देवी लक्ष्मी को भी मुद्राओं पर दशार्या जा सकता है। जिससे देश आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए समृद्ध एवं धनसम्पन्न राष्ट्र बन जाये। इन सद्-इच्छाओं के विरोध की बजाय विवेचना एवं विश्लेषण होना चाहिए। हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत में एक समुदाय की धार्मिक भावना दूसरे समुदाय को आहत कर देती है और इसके दुष्परिणामों से हम लहुलूहान होते रहे हैं।

दुनिया की टूटती-बिखरती अर्थ-व्यवस्था के बीच भारत की अर्थ-व्यवस्था संभली हुई है तो यह किन्हीं दैवीय शक्तियों के साथ साफ-सुथरी नीति से शासन करने वालों की देन है। इन सुखद स्थितियों की प्रशंसा की बजाय उसकी आलोचना उचित नहीं है। केजरीवाल का कहना है कि देश में अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था काफी नाजुक दौर से गुजर रही है। डॉलर के मुकाबले रुपया दिन प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा है। इसकी मार हमारे देश के आम आदमी को भुगतनी पड़ रही है। आजादी के 75 साल बाद भी भारत एक गरीब देश है। हम चाहते हैं कि भारत एक विकसित देश बने, एक अमीर देश बने। क्या नोटों पर देवी-देवताओं के चित्र लगा देने एवं बेशुमार फ्री रेवडियां बांट देने से देश विकसित और अमीर हो जायेगा? फ्री रेवडियां बांटते-बांटते जब राजनीति अपनी पहुंच सत्ता तक बनाने के लिये धार्मिक प्रतीक एवं मुद्दे खोजने लगती है, तो न केवल चिंता होती है, बल्कि अफसोस का भाव भी जागता है। इस तरह की राजनीति से भेद-रेखाएं जन्मेंगी तो भारत भारत नहीं रहेगा। इस तरह धार्मिक भावनाओं को राजनीति का मोहरा बनाकर देश की जनता को गुमराह करने से न केवल राजनीतिक दलों का बल्कि राष्ट्र का भविष्य भी धुंधलाता है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था को रूपांतरित करेंगे मध्यम वर्गीय उपभोक्ता

**नन्तु बनर्जी**

**महामारी** के बाद की मांग के पुनरुद्धार ने भारत की अर्थव्यवस्था को ब्रिटेन को पछाड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। फोर्ब्स के एक अध्ययन के अनुसार, शेयर बाजार में गिरावट और कमजोर रुपये के बावजूद, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संयुक्त संपत्ति 25 अरब डॉलर से बढ़कर 800 अरब डॉलर हो गयी है। भारतीय उपभोक्ता ऐसी खरीदारी कर रहे हैं जैसे कि पहले कभी नहीं की। कोविड -19 महामारी के लगभग चले जाने के साथ, देश के मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं ने त्योहारों के मौसम में खूब खरीदारी की। वे व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं बख्श रहे हैं - शराब से लेकर फैशन वियर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, स्मार्ट फोन, ऑटोमोबाइल, आवासीय फ्लैट और यहां तक कि विदेशी छुट्टियों तक। सभी धंधे फलफूल रहे हैं। इस सितंबर-अक्टूबर त्योहार के मौसम के दौरान, लगभग हर क्षेत्र ने एक सर्वकालिक रिकॉर्ड कारोबार दर्ज किया। उपभोक्ता अधिक चाहते हैं। यह गति शेष वर्ष और उसके बाद भी जारी रहने की उम्मीद है। उपभोक्ता उत्पाद निमार्ता उत्पादन बढ़ा रहे हैं। रुपये के गिरते विनिमय मूल्य के बावजूद आयात भी बढ़ रहा है। यह प्रवृत्ति देश के वर्तमान और भविष्य के आर्थिक विकास को दृढ़ता से प्रभावित करने के लिए बाध्य है, बशर्ते निमार्ता और आपूर्तिकर्ता भारत के बढ़ते बाजार के बारे में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाएं। ध्यान रहे कि भारत में आवासीय इकाइयों की बिक्री कैलेंडर वर्ष 2022 की पहली छमाही के दौरान शीर्ष आठ शहरों - मुंबई, दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद और अहमदाबाद में नौ साल के उच्चतम स्तर 158,705 इकाइयों पर पहुंच गयी, जैसा कि नाइट फ्रैंक इंडिया सर्वेक्षण रिपोर्ट में बताया गया। यात्री कारों की बिक्री में भी तेजी आयी और सितंबर में 3,55,946 कारों की बिक्री का रिकार्ड बना जो पिछले महीने की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक था। मारुति सुजुकी ने डीलरों को 148,380 कारें भेजीं जो 131 प्रतिशत अधिक थी। हुंडई, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, किआ मोटर्स और टोयोटा आदि की मांग में भी तेजी देखी गयी। इस साल की पहली छमाही में ही लगभग 60 लाख यूनिट एयर कंडीशनर की बिक्री हुई जो पिछले साल की बिक्री के लगभग बराबर थी। इस साल की पहली छमाही में ही पिछले दो वर्षों की तुलना में बेहतर बिक्री हुई। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीईएएमए) के अध्यक्ष एरिक ब्रैगेंजा कहते हैं, 'हमारे पास अतीत में इतनी अधिक संख्या कभी नहीं थी।' दूसरी ओर, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की मांग 2021-22 में अनुमानित 21.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 25 बिलियन डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। देश को इस त्योहारी सीजन में करीब 7.7 अरब डॉलर के स्मार्टफोन की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है। त्योहारी सीजन के दौरान बेचे जाने वाले हर तीन स्मार्टफोन में से एक 5 प्रतिशत सक्षम होगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-कॉमर्स चैनलों से कुल बिक्री का 61 फीसदी कब्जा करने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन के दौरान स्मार्टफोन का खुदरा औसत बिक्री मूल्य 12 प्रतिशत बढ़कर 242 डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच जायेगा। विश्लेषकों का कहना है कि आम तौर पर त्योहारी सीजन भारत के स्मार्टफोन बाजार का मुख्य आकर्षण रहा है, जहां वार्षिक बिक्री का लगभग 20 प्रतिशत चार-पांच सप्ताह में होता है, जिससे यह अवधि मूल्य श्रृंखला के सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। स्ट्रैटेजी एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सैमसंग ने इस साल 23-30 सितंबर तक स्मार्टफोन की बिक्री में 26 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। सैमसंग के बाद शिओमी तथा रियलमी क्रमशः 20 प्रतिशत और 17 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ हैं। 2,165 करोड़ रुपये की बिक्री के साथ, पश्चिम बंगाल में सितंबर में शराब की बिक्री अब तक की सबसे अधिक थी। अक्तूबर में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। राज्य ने इस साल 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की शराब बिक्री का लक्ष्य रखा है। देश के लगभग हर बड़े राज्य में चालू त्योहारी सीजन की शुरूआत के बाद से रिकॉर्ड शराब की बिक्री दर्ज की गयी है। भारत में मादक पेय पदार्थों की बढ़ती खपत के लिए उच्च प्रयोज्य आय और जीवन शैली में बदलाव मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। उद्योग का अनुमान है कि इस साल के अंत तक देश में मादक पेय पदार्थों की खपत बढ़कर 16.8 अरब लीटर हो जायेगी, जो 2018 में केवल 5.94 अरब लीटर थी। राज्य सरकारें आम तौर पर बहुत खुश हैं। अधिक मादक पेय पदार्थों की बिक्री का मतलब भारतीय राज्यों के लिए बड़ी उत्पाद शुल्क आय है। राज्यों के बजट अनुमानों ने 2019-20 में उद्योग से उत्पाद शुल्क संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये रखा। इस साल यह काफी बढ़ सकता है। दरअसल, इस साल के त्योहारी सीजन की शुरूआत एक बड़े धमाके के साथ हुई है। विज्ञापन और विपणन युद्ध ने बिक्री की मात्रा को धक्का दिया क्योंकि उपभोक्ता खरीदने के लिए तैयार हैं और कंपनियां बेचने के लिए। उद्योग का त्योहारी सीजन विज्ञापन खर्च 8-10 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 25,000-30,000 करोड़ रुपये हो गया है। टेलीविजन पर विज्ञापन खर्च में लगभग 41-43 प्रतिशत हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, इसके बाद डिजिटल 33-36 प्रतिशत, प्रिंट 15-17 प्रतिशत और ओओएच लगभग 3.5 प्रतिशत। हमेशा की तरह, दो शीर्ष ई-कॉमर्स दिग्गज, अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट ने वर्चस्व के लिए एक-दूसरे के साथ संघर्ष किया। अपनी ताकत दिखाने और लोगों के खरीदारी के मूड का फायदा उठाने का यह सबसे अच्छा अवसर है। 23 सितंबर को, दो ई-कॉमर्स दिग्गजों ने अपनी बहुप्रतीक्षित सप्ताह भर की बिक्री शुरू की - फ्लिपकार्ट द्वारा 'द बिग बिलियन डेज' बिक्री और अमेजन द्वारा 'ग्रेट इंडियन फेस्टिवल'। सप्ताह के दौरान बिक्री के 5.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, जो पिछले साल के 4.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 28 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। संयोग से, देश का ई-कॉमर्स बाजार नई पीढ़ी के उपभोक्ताओं के बदलते स्वाद और मांगों में तेजी से विस्तार कर रहा है। 2026 तक इस बाजार के 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत के 200 मिलियन से अधिक मध्यम वर्ग और उच्च-मध्यम आय वाले परिवार, जो सालाना 10-15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं, आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक वृद्धि और प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हालांकि, इसके लिए जीएसटी, राज्य और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, स्टांप शुल्क और संपत्ति कर आदि जैसे अप्रत्यक्ष करों की दरों और देश में व्यापार करने में आसानी के मामले में सरकार से समर्थन की आवश्यकता होगी।

# ऋषि सुनक की ताजपोशी

**सर्वमित्रा सुरजन**

**ऋषि** सुनक भारतीय मूल के हैं, इस बात का ढिंढोरा हजारों-लाखों बार पीटकर फिर से उसे दोहरा कर खुशियां मनाई जाने लगीं। ठुमक-ठुमक चलते बाल कृष्ण और राम जी को देखकर माता यशोदा और माता कौशल्या जितना निहाल नहीं होती होंगी, उससे ज्यादा खुशी ऋषि सुनक को राजा चार्ल्स तृतीय से भेंट करते देख कर जताई गई। 90 के दशक में एक गीत मशहूर हुआ था, पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा, बेटा हमारा ऐसा काम करेगा। तो ऋषि सुनक में वैसा ही बेटा ममतामय भारतीयों ने देखा।
एकै साधे सब सधै, सब साधै सब जाय। रहिमन मूलहिं सींचिबो, फूलै फलै अघाय॥ रहीमदास जी ने तो दो पंक्तियों के माध्यम से गहरा ज्ञान दिया था। इस ज्ञान को कौन कितना आत्मसात करता है, यह तो सबकी अपनी समझदारी है। लेकिन फिलहाल ऐसा लग रहा है कि भारत के अधिकतर लोगों ने दूसरी पंक्ति को जरा ज्यादा गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। खासकर जब से ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से हिंदूवादी, राष्ट्रवादी लोगों की मूल शब्द को लेकर सनक कुछ ज्यादा ही दिखाई दे रही है। खबरें आ रही हैं कि इस वक्त कहां-कहां भारतीय मूल के नेता राज कर रहे हैं। जैसे पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा भी भारतीय मूल के हैं। उनके दादा गोवा के थे। मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी भारतीय मूल के हैं, उनके पिता अनिरुद्ध जगन्नाथ भी मॉरीशस के बड़े नेता रहे हैं। यहां के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन की जड़ें भी भारत से जुड़ी हैं। सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब के पिता भारतीय मूल के थे, जबकि उनकी मां मलय थीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी भारतीय-सूरीनामी हिंदू परिवार के हैं। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के पुरखों की जड़ें भारत से जुड़ी हैं। सेशेल के राष्ट्रपति वावेल रामकलावन भी भारतीय मूल के नेता हैं, उनके पुरखे बिहार से थे। मोदीजी ने उन्हें भारत का बेटा कहा था। और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की मां भी भारतीय थीं। इन नेताओं के अलावा कई देशों में भारतीय मूल के लोग राजनीति में काफी सक्रिय हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों में भारतीय मूल के लोग शीर्ष पदों पर विराजमान हैं। ये सारे लोग अलग-अलग हैं, लेकिन दो बातें इनमें एक जैसी हैं। पहली तो यही कि इन सबके पुरखों का ताल्लुक किसी न किसी तरह भारत से था, लिहाजा ये भारतीय मूल के कहलाएं और दूसरी ये कि अब ये सारे लोग भारत छोड़ चुके हैं और ऐसी कोई उम्मीद नहीं कि ये कभी भारत आकर बसेंगे। भारत से दूर, ये लोग जहां हैं खुश हैं और हम भारत के लोग इन्हें देख-देख कर खुश हैं। रहीमदास जी की बात मानते हुए हम मूल को अपने प्यार-दुलार से सींच रहे हैं, हालांकि इसके फल-फूल किसे मिलेंगे, कौन इन्हें पाकर अघाएगा, ये कहना कठिन है। वैसे ये सारे देश एक ओर, और अमेरिका-ब्रिटेन एक ओर। हमारी सांवली त्वचा के भीतर सांस ले रही नस्लवादी सोच इस बात से ही प्रसन्न है कि इन देशों में भारतीय मूल के लोग राजनीति में इतना ऊंचा बढ़ गए हैं। अमेरिका में तो राष्ट्रपति की कुर्सी कभी किसी भारतीय मूल के व्यक्ति को मिलेगी या नहीं, ये भविष्य में है। लेकिन भारतीय मूल का व्यक्ति ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बन गया, आजादी के अमृतकाल में इससे बड़ी बात क्या हो सकती है, फिलहाल ऐसे विचार थोक के भाव में इधर से उधर प्रचारित, प्रसारित हो रहे हैं। किसी को ऋषि सुनक के हिंदू होने पर गर्व महसूस हो रहा है। कोई इस बात पर इतरा रहा है कि ऋषि सुनक ने हमेशा अपनी हिंदू पहचान को शान से सबके सामने पेश किया है। दीपावली के मौके पर ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की खबर आई और उससे एक दिन पहले विराट कोहली ने क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को मात दे दी थी।

बस इन दो कारणों से दीपावली की खुशियां बहुत से लोगों के लिए दोगुनी हो गईं। फिर क्या प्रदूषण और क्या महंगाई, किसी बात की परेशानी शहरी मध्यवर्ग और उच्चवर्ग को नहीं रही।

## भारतीय नोट पर मां लक्ष्मी गणेश

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर पांच दिवसीय दिवाली महोत्सव का आज अंतिम दिन भाई दूज को बड़े उत्साह जोश और आस्था के साथ भारतीयों अनिवासी निवासी और मूल भर्तियों द्वारा यह पर्व भारत सहित सारी दुनिया में जोरदार ढंग से मनाया जा रहा था। हम उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे कि सारी दुनिया से इस पर्व की ग्राउंड रिपोर्टिंग दिखाई जाएगी, लोगों के कमिटमेंट और भाई बहन के प्यार की बारिश हम अपने घरों में बैठकर भी टीवी चैनलों के माध्यम से देखकर आनंद उठाएंगे। परंतु यह क्या!! एक राज्य के मुख्यमंत्री महोदय ने भारतीय नोट पर महात्मा गांधी के साथ मां लक्ष्मी गणेश का स्वरूप छापने के सुझाव का बयान दिया और इसे पीएम के पास प्रस्ताव भेजने की बात क्या कहीं कि मुख्य दो तीन पार्टियों में आपसी शाब्दिक मिसाइलों का दौर शुरू हो गया कोई ट्विटर प्रेस कॉन्फ्रेंस टीवी चैनलों इत्यादि पर दिनभर यह मुद्दा छाया रहा लोग उत्सुकता से चैनलों पर डिबेट बयानबाजी सुझाव प्रभाव देखने में मशगूल हो गए! भाई दूज त्यौहार इस मुद्दे के सामने फीका हो गया और शहर गांव मोहल्ले नुक्कड़ पर इसकी चर्चाएं शुरू हो गई मैं भी एक टीवी चैनल एंकर पत्रकार राजीव रंजन के माहौल क्या है कार्यक्रम में इस मुद्दे पर दिल्ली के कनॉट प्लेस से ग्राउंड रिपोर्टिंग देखी तो जनता इस मुद्दे पर उलझी दिखीं। दीपावली भाई दूज का उनमेंअसर नहीं दिखा हालांकि अधिकतम लोगों ने कहा देवताओं का स्वरूप भारतीय मुद्रा पर अंकित करने के पक्षधर नहीं हैं।

# कायस्थों व व्यापारियों ने की कलम-दवात की पूजा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भइया दूज पर बहनचं ने भाइयों कच तिलक लगाकर दीघार्यु की कामना की। शहर में पूरे दिन चहल-पहल देखी गई। खासकर मिठाई की दुकानों में भीड़ बनी रही। व्यापारियों ने दुकानों में पूजा-पाठ कर व्यवसाय शुरू किया। कायस्थ समाज ने कलम दवात की पूजन कराया।

गुरुवार कच सवेरे से शहर में मिठाई की दुकानों में भारी भीड़ लगी रही। नये कपड़े पहने छोटे-छोटे बच्चों ने जमकर मिठाई की खरीददारी की। घरों में पूजन-पाठ के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया। मिठाई खिलाकर दीघार्यु की कामना की। भाइयों ने भी समुचित उपहार देकर बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

दूज पर व्यापारी वर्ग ने भी दुकानों में पूजन-पाठ कराया। सवेरे से दुकानों में साफ-सफाई कर भगवान गणेश-लक्ष्मी व कागज-कलम की पूजा की। चित्रगुप्त मन्दिर में कायस्थ समाज ने कलम-दवात की पूजा कर हवन किया। सेवा निवृत्त शिक्षक ने कहा कि कायस्थ समाज एकजुट रहकर विकास कर सकता है।

# सबसे ज्यादा भाजपा से टिकट लेने वालों की लगी है होड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव की आहट से सबसे ज्यादा घमासान भाजपा से टिकट पाने वालों में है। सर्वाधिक प्रत्याशी कर्वी नगर पालिका व मानिकपुर नगर पंचायत में नजर आ रहे हैं। कर्वी नगर पालिका में एक भागवताचार्य के भी चुनावी समर में उतरने की चर्चा है।

कर्वी नगर पालिका में भाजपा से टिकटार्थियों की लम्बी सूची है। इस सूची में सबसे पहले नाम नगर पालिका के मौजूदा अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश उर्फ मट्ठू साहू समेत भाजपा नेता/समाजसेवी शानू गुप्ता के साथ लोग तरौंहा के जवाहर सोनी की भी चर्चा कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा टिकट की लाइन में आगे नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता फिलहाल बाजी मारे हैं। नगर पालिका सीट यदि पिछडे वर्ग के हिस्से में आती है तो नरेन्द्र गुप्ता इस दौड से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में रामबाबू गुप्ता व मट्ठू साहू का नाम सबसे ऊपर आ सकता है। कर्वी नगर पालिका में नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र में चुनाव लडने की लोगों में होड है। चुनाव मैदान में एक भागवताचार्य के भी उतरने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भागवताचार्य के चुनाव में उतरने से सभी के समीकरण गडबडा सकते हैं। मानिकपुर नगर पंचायत में मौजूदा नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद द्विवेदी भाजपा से टिकट के प्रबल दावेदार हैं। वैसे भाजपा नेता जितेन्द्र मोहन शुक्ला भी टिकट पाने को जोरदार प्रयास में जुटे हैं। अब देखना है कि मानिकपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष पद का टिकट भाजपा किसे देती है। फिलहाल भाजपा शीर्ष नेतृत्व टिकटार्थियों की तह में जाने में लगे हैं। वे टिकट देने के पहले सबकुछ जांच पडताल करने में जुटे हैं। ऐसे में भाजपा किसे अपना प्रत्याशी घोषित करती है। ये तो समय बतायेगा।

# सकुशल सम्पन्न हुआ दीपदान मेला, प्रशासन ने ली राहत की सांस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इस बार दीपावली मेला में यातायात व्यवस्था की ऐसी योजना बनाई गई थी कि किसी भी श्रद्धालु को परेशानी का सामना नहीं करना पडा। बसों को बेडीपुलिया के पास रोका गया था। जीप और कारों को रानीपुर भट्ठ के पास व बाइकों को यूपीटी के पास रोका था। एमपी प्रशासन ने भी यूपी प्रशासन की नकल कर कई स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाये थे।

गुरुवार को दीपावली मेला सम्पन्न होने के बाद समीक्षा की गई तो पता चला कि ढेरों पार्किंग स्थल के बाद भी वाहनों को रखने को जगह कम पड गई थी। सडकों के किनारे ही वाहनों को खडा कराना पडा।
पार्किंग को लेकर इस बार कई जगह स्थानीय लोगों व नगर पालिका कर्मियों से विवाद भी हुआ। किसानों की निजी जमीन पर परिजन पार्किंग बनाकर मेला में धन कमाते थे। इस बार नगर पालिका ने इन्हीं स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाये, लेकिन अपने कर्मचारी बैठाकर शुल्क वसूला। किसानों व परिजनों की आय नहीं हो सकी।

परिक्रमा मार्ग में यूपी व एमपी प्रशासन की नजर पैनी रही। एसपी क्षेत्र में कामदनाथ प्रमुख द्वार एवं यूपी की ओर खोही में जलेबी वाली गली के पास मार्ग शकरा होने से अधिक भीड होने पर श्रद्धालुओं की सुविधा को रुट बदलना पडा। कई बार परिक्रमा करने वालों को दो किमी अतिरिक्त चलना पडा। भीड का दबाव मेला क्षेत्र में नहीं पड सका। दीपदान का पांच दिवसीय मेला समाप्त होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। पांच दिवसीय मेला उप्र व एमपी प्रशासन के आपसी तालमेल से सम्पन्न होता है।

# जीजा ने साली के साथ की जबरन शादी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रिश्ते में जीजा लगने वाले युवक ने नाबालिग साली का अपहरण कर उसके साथ शादी रचा ली। आरोपी जीजा ने साली को लड्डू में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर जबरन विवाह किया।

ये मामला है रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का। गुरुवार को पीड़िता परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई। यहां उसने बताया कि कक्षा नौ की छात्रा पुत्री गांव के ही कालेज में पढती है। रिश्ते में जीजा लगने वाले युवक ने 12 अक्टूबर को दोपहर कालेज जाते समय उसे कार पर बैठाकर कालेज छोडने का भरोसा दिया। कार में बैठने पर खाने को लड्डू दिये तो लड्डू खाते ही बेहोश हो गई। आंख खुली तो मन्दिर में जीजा शादी कर रहा था। मन्दिर के आसपास कई लोग थे। वहां पंडित भी थे। जीजा ने उससे जबरन शादी कर ली। छोडने को कहा तो परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी।

शादी के बाद जीजा उसे अपने गांव ले गये। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे घर लाकर छोड दिया। घर में परिजनों से उसने सारी बात बताई। पुत्री के पिता और पुत्र अहमदाबाद में रहते हैं। घर में सिर्फ पत्नी और बेटी रहते थे। 15 दिन हो गये तो जानकारी मिलने पर अहमदाबाद से पिता व पुत्र आये। पुलिस को तहरीर दी है। अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। रोज थाने के चक्कर लगाते हैं। कोई सुनवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक की चैखट पर आये हैं। गुरुवार को एसपी अतुल शर्मा से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# बस से गिरने से श्रद्धालु-सर्पदंश से महिला की मृत्यु



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रोडवेज बस से चित्रकूट जाते समय किसान की गिरने से मृत्यु होने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा मऊ थाना क्षेत्र के सुरौंधा गांव के पास गुरुवार को हुआ। बताया गया कि मऊ थाना क्षेत्र के खोपा गांव का समयलाल (55) पुत्र गिल्लीपत रोडवेज बस से चित्रकूट आ रहा था। खिडकी के पास खडा होने से अचानक गाय के सामने आने पर चालक के ब्रेक लगाने पर वह गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मृत्यु से परिजनों में मातम छा गया। मृतक किसानी का कार्य करता था। उसके पांच पुत्र, एक पुत्री और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। इसी क्रम में बरगढ थाना क्षेत्र के छतैनी गांव में घर की सफाई करते समय एक महिला कुसुमिया पत्नी रघुवीर को सर्प ने काट लिया। झाडफूंक के बाद हालत ठीक न होने पर परिजन उसे शंकरगढ अस्पताल ले गये। इलाज दौरान महिला की मृत्यु पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# 65 क्वार्टर शराब समेत वारंटी दबोचे




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के तहत पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 65 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है।

गुरुवार को मऊ थाने के दरोगा कृष्णदेव मिश्रा की टीम ने राजू पुत्र बछराज निवासी नींबी के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय की टीम ने राजकुमार पुत्र शिवबरन यादव निवासी भैसौंधा के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर 60 आबकारी अधिनियम में चालान किया है।
इसी क्रम में भरतकूप थाने के दरोगा इमरान खान ने सिपाही भास्कर शुक्ला के साथ घर में घुसकर छेडछाड व पाक्सो एक्ट के वांछित दीपक पुत्र नत्थू नाई निवासी धौरहीमाफी को गिरफ्तार किया है। भरतकूप थाने के दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सिपाही विकास यादव के साथ घर में घुसकर छेडछाड व गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी और एससी-एसटी एक्ट के वारंटी गट्टू पुत्र स्व कल्लू निवासी पहरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# अस्पताल मे पान मसाला खाने पर होगा पांच सौ का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक ने अस्पताल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा है कि अस्पताल परिसर तम्बाकू निषेध क्षेत्र है। अस्पताल परिसर में पान-मसाला या सिगरेट, बीडी अथवा तम्बाकू का सेवन करते पाये जाने पर अधिकारी-कर्मचारी को पांच सौ रुपये का जुमार्ना भुगतना पडेगा।

गुरुवार को जिला अस्पताल के सीएमएस ने बताया कि पान मसाला, तम्बाकू से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होती है। सभी अधिकारी व कर्मचारी जिला अस्पताल के लिए अनमोल हैं। आपके व आपके परिवार की सुरक्षा को ये आदेश आज से ही प्रभावी है।

उन्होंने कहा कि आम जनता को तभी मना कर पायेंगे, जब हम खुद पान मसाला व तम्बाकू का सेवन बन्द कर दें। उन्होंने बताया कि धुम्रपान से जनता का विश्वास खराब हो रहा है। पान मसाला, गुटखा, तम्बाकू, सिगरेट, बीडी का सेवन जिला अस्पताल में किसी के भी करते पाये जाने पर दो सौ रुपये जुमार्ना की रसीद काटी जायेगी। इसके लिए लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

# दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर 'एना मारिया मार्कोविच' के बयान से मची सनसनी

**लंदन।** दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर से मशहूर क्रोएशिया की एना मारिया मार्कोविच ने अपने फुटबॉल करियर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह भविष्य की प्रेक्टिस को देखते हुए इंग्लैंड में शिफ्ट करने के लिए बिलकुल तैयार हैं। एना के इस बयान ने फैन्स के बीच सनसनी मचा दी है। क्रोएशिया की 22 साल की मेन स्ट्राइकर एना मारिया मार्कोविच का कहना है कि वह खेल के लिए इंग्लैंड में शिफ्ट होने के लिए काफी हद तक तैयार हैं। एना अभी अपने देश के अलावा स्विट्जरलैंड के क्लब ग्रासहोपर्स के लिए भी फुटबॉल खेलती हैं।

एना ने बयान देते हुए कहा कि ग्रासहोपर्स जैसे क्लब ने उनकी काफी मदद की है और वह आगे भी थोड़े समय तकइसके साथ ही रहना चाहती हैं और ऐसी स्थिति मे अगले 1-2 साल तक इंग्लैंड शिफ्ट होने बारे में सोच नहीं रही।

उन्होंने साथ ही एक खुलासा भी किया है कि सोशल मीडिया पर अन्य प्लेयर्स के मुकाबले उन्हें ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है। एना ने कहा कि मैं कोई बिकिनी डाले हुए कोई फोटो डालूं और पुरूष खिलाड़ी अपनी शॉट जर्सी में फोटो डाले, तो बिकिनी वाली फोटो पर बुरे कमेंट्स आना शुरू हो जाते हैं। पुरुषों को महिलाओं के हक में बोलना चाहिए। गौर हो कि एना को सबसे खूबसूरत फुटबॉलर का टैग मिला है। इंस्टाग्राम पर उनके



फॉलोवर्स की तादाद भी कम नहीं है। हालांकि, वह इस तरह के किसी भी टैग को नकारती हैं। उनका कहना है कि अगर उन्हें खूबसूरत कहा जाता है, तो अच्छा लगता है, लेकिन अगर उन्हें सेक्सी प्लेयर कहा जाता है तो काफी अजीब लगता है।

# भारत ने नीदरलैंड को हराकर सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया एक और कदम

**सिडनी।** टीम इंडिया ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए सुपर-12 के अपने दूसरे मुकाबले में भी जीत का मोमेंटम जारी रखते हुए नीदरलैंड को 56 रनों से हरा दिया है। भारत ने नीदरलैंड के सामने 180 रनों का लक्ष्य रखा था लेकिन नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर केवल 123 रन ही बना पाई। नीदरलैंड की तरफ से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। टीम की तरफ से सर्वाधिक 20 रन टिम प्रिंगल ने बनाए।

भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने 2-2 विकेट हासिल किए। उनके अलावा मोहम्मद शमी ने 1 विकेट झटके। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने रोहित शर्मा, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव की हाफ सेंचुरी की बदौलत 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 179 रन बनाए थे। भारत की तरफ से सर्वाधिक 62 रनों की पारी विराट कोहली ने




खेली। वह अंत तक आउट नहीं हुए। इसके अलावा रोहित शर्मा ने 39 गेंदों पर 53 जबकि सूर्यकुमार यादव ने 51 रनों की पारी खेली।

**विराट कोहली को लगातर दूसरा अर्धशतक**

पाकिस्तान के खिलाफ शानदार 82 रनों की पारी खेलने वाले विराट कोहली ने नीदरलैंड के खिलाफ भी नाबाद 62 रनों की पारी खेली। उन्होंने केवल 44 गेंदों पर 62 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के लगाए। पाकिस्तान के बाद लगातार दूसरे मैच में भी भारत के ओपनिंग बल्लेबाज केएल राहुल असफल रहे। नीदरलैंड के खिलाफ मैच में राहुल केवल 9 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें वैन मैकरेन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। केएल राहुल लगातार असफल हो रहे हैं।

# टी-20 विश्व कप: चोटिल बिनुरा फर्नांडो की जगह असिथा फर्नांडो श्रीलंकाई टीम में शामिल

**मेलबर्न।** चोटिल बिनुरा फर्नांडो के प्रतिस्थापन के तौर पर असिथा फर्नांडो को श्रीलंकाई टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी टी 20 विश्व कप 2022 की इवेंट तकनीकी समिति ने गुरुवार को चोटिल फर्नांडो के प्रतिस्थापन के रूप में असिथा फर्नांडो को शामिल करने की मंजूरी दे दी है।पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार के मैच में बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बिनुरा फर्नांडो के बाहर होने के बाद तीन टी 20 खेलने वाले असिथा फर्नांडो को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। वह श्रीलंका से बाहर जाएंगे और ऑस्ट्रेलिया में बाकी टीम से जुड़ेंगे।

बता दें कि किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए इवेंट तकनीकी समिति की स्वीकृति की आवश्यकता होती है, इससे पहले कि प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में जोड़ा जा सके। इससे पहले, प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद, श्रीलंका ने विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला और तेज गेंदबाजों असिथा फर्नांडो और मथीशा पथिरन को ऑस्ट्रेलिया में बैकअप के रूप में अपनी टी 20 विश्व कप टीम में शामिल किया है।मुख्य टीम में पहले से मौजूद खिलाड़ियों के चोटिल होने की स्थिति में इन तीनों को बैकअप के तौर पर बुलाया गया है। खिलाड़ियों के साथ, श्रीलंका क्रिकेट की उच्च प्रदर्शन सुविधा के निदेशक टिम मैकस्किल भी तीनों खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया जाएंगे। श्रीलंका ने अब तक दो मैच खेले हैं, जिसमें एक में आयरलैंड के खिलाफ जीत और एक में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा है। उनका सामना शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपने तीसरे सुपर-12 मैच में न्यूजीलैंड से होगा।

# टी-20 विश्व कप : दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश पर दर्ज की बड़ी जीत, 104 रनों से हराया

**सिडनी।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश पर 104 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हपए रिली रोसो के 109 रनों के बेहतरीन शतकीय पारी और क्विंटन डी कॉक के 63 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 16.3 ओवर में 101 रनों पर सिमट गई।206 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम की शुरुआत खराब रही और केवल 26 रनों पर दोनों सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार (15) और नजमुल हुसैन (09) पवेलियन लौट गए। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। केवल लिटन दास ने कुछ संघर्ष किया और 34 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम 16.3 ओवर में 101 पर सिमट गई।

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से एनरिक नोर्ट्जे ने 4, तबरेज शम्सी ने 3 और कागिसो रबाडा व केशव महाराज ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत खराब रही और कप्तान तेम्बा बावुमा केवल 2 रन बनाकर तस्कीन अहमद का शिकार बने। इसके बाद क्विंटन डी कॉक और रिली रोसो ने दूसरे विकेट के लिए 168 रनों की बेहतरीन साझेदारी की। 170 के कुल स्कोर पर डी कॉक 38 गेंदों में 63 रन बनाकर आफिफ हुसैन का शिकार बने। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स कुछ खास नहीं कर सके और 7 रन बनाकर चलते बने। इस दौरान रोसो ने अपना शतक पूरा किया। 197 के कुल स्कोर पर रोसो 109 रन बनाकर शाकिब अल हसन का शिकार बने। रोसो ने 56 गेंदों का सामना किया और 7 चौके और 8 छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बनाए। डेविड मिलर 2 और वेन पार्नेल बिना खाता खोले नाबाद रहे।

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक बिजनेस टॉयकून जिमी लाई धोखाधड़ी के दोषी करार

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक व बिजनेस टॉयकून जिमी लाई को पट्टे (लीज़) संबंधी नियमों के उल्लंघन से जुड़े धोखाधड़ी के दो मामलों में दोषी पाया गया है। जिमी लाई को उनकी पिछली सक्रियता के लिए दंडित करने के उद्देश्य से उन पर यह आरोप लगाए गए हैं।वर्ष 2019 में हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के तहत व्यापक स्तर पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद बीजिंग द्वारा लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लाई को गिरफ्तार किया गया था।जिमी लाई पहले से ही अनधिकृत सभाओं



में अपनी भूमिका के लिए 20 महीने की सजा काट रहे हैं। उनकी मीडिया कंपनी 'नेक्स्ट डिजिटल' ने अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली', हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक आखिरी अखबार को प्रकाशित किया था। लाई के सहयोगी वोंग वाई कुयेंग को भी मंगलवार को धोखाधड़ी के मामले में दोषी करार दिया गया।

## भारत दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण टीका निर्माताः व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** वैश्विक कोवड-19 महामारी के खिलाफ टीकों की आपूर्ति में भारत की अहम भूमिका को स्वीकारते हुए अमेरिका ने कहा है कि वह (भारत) दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण टीका निर्माता है। व्हाइट हाउस के कोरोना वायरस प्रतिक्रिया समन्वयक डॉ. आशीष झा ने यहां मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''अपनी अभूतपूर्व निर्माण क्षमता के कारण देश (भारत) एक प्रमुख टीका निर्यातक बन गया है।'' एक सवाल के जवाब में डॉ. झा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच रणनीतिक सुरक्षा वार्ता, क्वाड की कोरोना वायरस पर साझेदारी जो बाइडन प्रशासन के लिए अहम थी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन



में कहा, ''मुझे लगता है कि भारत दुनिया के लिए टीकों का एक महत्वपूर्ण निर्माता है। मेरा मतलब सिर्फ भारत के लिए ही नहीं है, यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण बात है।'' दुनिया को टीकों की आपूर्ति करने के बाइडन प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए, डॉ. झा ने कहा कि अमेरिका उन्हें हर निम्न और कई निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों के लिए उपलब्ध कराना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, ''लगभग 100 ऐसे देश हैं जो कोवैक्स के माध्यम से मुफ्त टीके प्राप्त करने के योग्य हैं - जहां हम अब भी दान के लिए उपलब्ध टीके उपलब्ध कराते हैं।'' झा ने दावा किया कि बाइडन ने वैश्विक स्वास्थ्य पर अमेरिकी नेतृत्व को इस तरह से बहाल किया है जो ''पूर्व राष्ट्रपति से बहुत अलग'' है। उन्होंने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अमेरिका नेतृत्व करना जारी रखे, अमेरिकियों और दुनिया की बेहतर सुरक्षा के लिए यह एक छोटा सा निवेश है।''

## 6.4 तीव्रता के भूकंप से हिला फिलीपींस, 5 की मौत और सैकड़ों घायल

**उत्तरी फिलीपीन।** उत्तरी फिलीपीन के एक बड़े इलाके में शक्तिशाली भूकंप आने से कम से कम 100 लोग घायल हो गए और 5 लोगों? की मौत हो गई। भूकंप के कारण एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा और एक अस्पताल से मरीजों को बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलीपीन ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान सस्थान ने कहा कि मंगलवार रात को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र अबरा प्रांत में लगायन शहर के नौ किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 11 किलोमीटर की गहराई में था।




अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि सुनामी के लिए कोई चेतावनी या परामर्श जारी नहीं किया गया है। भूकंप का झटका मुख्य उत्तरी लुजोन क्षेत्र के एक विस्तृत इलाके में महसूस किया गया, जिसमें महानगर मनीला का कुछ हिस्सा और अबरा के दक्षिण में 400 किलोमीटर से अधिक का इलाका शामिल है। पुलिस और नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के गृह प्रांत इलोकोस नॉर्ट में कम से कम 26 लोग घायल हो गए, वहीं लाओग स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बुधवार को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया गया।

## तीन भारतवंशी दिवाली पर बने बाइडन के मेहमान, मंडरा रहा अमेरिका से निकाले जाने का खतरा

**टोक्योः** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रत्यर्पण का सामना कर रहे तीन खास भारतवंशी युवा मेहमानों को इस बार दिवाली समारोह पर व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। इन्हें राष्ट्रपति ने खुद बुलावा भेजा था। इस कदम के जरिये राष्ट्रपति बाइडन डेफर्ड एक्शन लीगल चाइल्डहुड अराइवल (डीएएलसीए) के साथ एकजुटता का संदेश दे रहे हैं।

ये ऐसे बच्चे हैं, जो छोटी उम्र में माता-पिता के साथ अमेरिका आए थे, लेकिन व्यस्क होने के बाद उन्हें अपने देश लौटने का निर्देश दिया गया है। दरअसल ये युवा हो गए हैं, इसलिए माता-पिता के वीजा पर अमेरिका में नहीं रह सकते। अमेरिका में अभी 200,000 ऐसे अप्रवासी बच्चे हैं। इनमें अधिकतर भारतीय



अमेरिकी हैं।

दूसरे देशों से माता-पिता के साथ छोटी उम्र में अमेरिका आ गए। तब से यहीं रह रहे थे, लेकिन अब वयस्क होने के बाद इन्हें माता-पिता के वीजा पर यहां रुकने की अनुमति नहीं है। इन्हीं के लिए इंप्रूव द ड्रीम संगठन की शुरुआत की गई है।

## 'बेकार सौदे' के कारण ब्रेवरमैन की हुई वापसी : लेबर पार्टी

**लंदन।** विपक्षी लेबर पार्टी के नेता ब्रिजेट फिलिप्सन ने कहा कि सुएला ब्रेवरमैन एक बेकार सौदे के कारण यूके के गृह मंत्री के रूप में वापस आ गई, जिसने ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनने में मदद की। बात करते हुए, फिलिप्सन ने तर्क दिया कि ब्रेवरमैन को गृह मंत्री बनाना सुनक की ईमानदारी की सरकार चलाने की प्रतिज्ञा पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा कि चर्चा हमारे देश के भविष्य के बारे में होनी चाहिए, न कि कंजरवेटिव पार्टी के भविष्य के बारे में। हालांकि, फिलिप्सन ने गिलियन कीगन को शिक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त करने का स्वागत किया। कीगन ने 16 साल की उम्र में स्कूल छोड़ दिया और एक प्रशिक्षुता के तौर पर सेवा की। सरकारी नियमों



के उल्लंघन पर पद छोड़ने के कुछ ही दिनों बाद, सुनक ने मंगलवार को भारतीय मूल के ब्रेवरमैन को गृह मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त करके एक विवाद को जन्म दिया।

पूर्व प्रधान मंत्री लिज ट्रस की आर्थिक नीति के मुखर आलोचक ब्रेवरमैन ने ईमेल सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के बाद पिछले सप्ताह पद छोड़ दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने ट्रस की सरकार के निर्देश पर भी चिंता जताई थी।साथ ही बुधवार को लिबरल डेमोक्रेट्स ने ब्रेवरमैन की फिर से नियुक्ति के मामले में कैबिनेट कार्यालय से जांच कराने का आह्वान किया। एक बयान में, लिबरल डेमोक्रेट्स के गृह मामलों के प्रवक्ता एलिस्टेयर कारमाइकल ने कहा, सुएला ब्रेवरमैन की नियुक्ति ऋषि सुनक के अखंडता लाने के दावों का उपहास है। उन्होंने कहा, उनकी नियुक्ति में कैबिनेट कार्यालय द्वारा पूर्ण स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, जिसमें सुनक के बंद दरवाजों के पीछे किए गए वादे भी शामिल हैं। कारमाइकल ने कहा कि ब्रेवरमैन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने की पुष्टि होते ही उन्हें बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए।

## इमरान ने इस्लामाबाद मार्च को पाकिस्तान का 'सबसे बड़ा स्वतंत्रता आंदोलन' बताया

**सियालकोट।** शीर्ष अदालत के फैसले से प्रोत्साहन मिलने के बाद अध्यक्ष इमरान खान ने अपने 'आजादी मार्च' को देश के इतिहास का 'सबसे बड़ा स्वतंत्रता आंदोलन' करार दिया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने सियालकोट में एक पार्टी कार्यक्रम में कहा, ÷मेरा दिल मानता है कि यह पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा स्वतंत्रता आंदोलन होगा। हम अपना संघर्ष तब तक जारी रखेंगे जब तक देश को चुनाव के जरिए अधिकार नहीं मिल जाता।'

सुप्रीम कोर्ट ने पहले पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल के साथ इस्लामाबाद के लिए लंबे मार्च को तुरंत रोकने के संघीय सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया था और सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री खान के साथ बातचीत करने की सलाह दी थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार द्वारा



खान को बार-बार चेतावनी किए जाने के बावजूद इस्लामाबाद के लिए लंबा मार्च 28 अक्टूबर (शुक्रवार) को लाहौर के लिबर्टी चौक से शुरू होगा।

शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले सरकार ने पीटीआई प्रमुख को बार-बार चेतावनी जारी की। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अगर खान एक और लंबे मार्च की घोषणा करते हैं तो अधिकारी अपनी 25 मई की नीति को 10 से गुणा करेंगे।


अगर पीटीआई एक और लंबा मार्च निकालती है, तो खान दूसरी बार इस्लामाबाद आएंगे। अब से पहले मार्च 25 मई को आयोजित किया गया था और इस्लामाबाद पहुंचने के बाद खान ने अचानक इसे रोक दिया था।

खान ने अपने समर्थकों से कहा, पुराने और नए कार्यकर्ताओं को लामबंद करना शुरू कर देना चाहिए। यह सत्ता या राजनीति के लिए युद्ध नहीं है, बल्कि एक विदेशी साजिश के खिलाफ युद्ध है।

रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लंबे मार्च का उद्देश्य सत्ताधारी डकैतों को हराकर देश के लिए असली आजादी हासिल करना है।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के ऑकलैंड कार्यालय पर तलवार से हमला, महिला गिरफ्तार

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड में पुलिस ने ऑकलैंड में प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न के निर्वाचन कार्यालय पर तलवार से हमले के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया। न्यूजीलैंड हेराल्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एक पुलिस प्रवक्ता ने 57 वर्षीय महिला की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि वह इस मामले में हमारी पूछताछ में पुलिस की सहायता कर रही थी। आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, मॉर्निंगसाइड में न्यू नॉर्थ रोड पर माउंट अल्बर्ट मतदाता कार्यालय के बाहर तलवार बाहर जमीन पर पाई गई।



समाचार एजेंसी ने आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटनास्थल की जांच की जाएगी और पूछताछ भी की जा रही है। अर्डर्न वर्तमान में अंटार्कटिका में चार दिवसीय यात्रा के लिए न्यूजीलैंड के स्कॉट बेस की 65वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहे हैं, जो बर्फीले महाद्वीप में देश का एकमात्र शोध केंद्र है। वह लौटने वाली हैं।

## मुंह के जरिये दिए जाने वाले कोविड टीके की चीन में हुई शुरुआत, बीजिंग का मनोरंजन पार्क बंद

**शंघाईः** चीन के शंघाई शहर में मुंह से लिए जाने वाले 'सुई-मुक्त' टीके की शुरुआत की गई, जो अपने तरह का दुनिया का पहला कोविड-निरोधक टीका है। शहर के एक आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की गई एक घोषणा के अनुसार, इस टीके को मुंह के जरिये लिया जाता है।

**कोरोना केस बढ़े, बीजिंग का मनोरंजन पार्क बंद**

चीन में कोरोना केस फिर बढ़ने लगे हैं। इसके बाद सख्ती बढ़ा दी गई है। यहां के प्रमुख मनोरंजन पार्क यूनिवर्सल रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया है।

**गरीब देशों में टीकाकरण का दायरा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी**

सूई-मुक्त टीके के लिए उन लोगों को राजी किया जा सकता है जिन्हें सूई के रूप में टीके लगवाना पसंद नहीं है। इससे गरीब देशों में टीकाकरण का दायरा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। चीन के पास टीके का जनादेश नहीं है, लेकिन वह चाहता है कि कोविड-19 महामारी के प्रतिबंधों में ढील दिए जाने से पहले उसके अधिक से अधिक नागरिकों को बूस्टर टीके की खुराक लग जाए। इस महामारी के कारण चीन की अर्थव्यवस्था ठहरी हुई सी है और वह शेष दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पाने की स्थिति में असहज महसूस कर रहा है।

चीन के सरकारी ऑनलाइन मीडिया आउटलेट द्वारा पोस्ट किए



**साथ में दी गई दिशानिर्देशों में लिखा गया है कि धीरे-धीरे सांस लेने के बाद एक व्यक्ति ने पांच सेकेंड के लिए अपनी सांस रोक कर रखी और पूरी प्रक्रिया 20 सेकंड में पूरी हो गई।**

गए एक वीडियो में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को एक पारभासी सफेद कप के छोटे नोजल को अपने मुंह में चिपकाते हुए दिखाया गया है। साथ में दी गई दिशानिर्देशों में लिखा गया है कि धीरे-धीरे सांस लेने के बाद एक व्यक्ति ने पांच सेकेंड के लिए अपनी सांस रोक कर रखी और पूरी प्रक्रिया 20 सेकंड में पूरी हो गई।

## अमीनी की मौत के 40वें दिन सड़कों पर उतरा प्रदर्शनकारियों का हुजूम, लगे तानाशाह मुर्दाबाद के नारे



**तेहरानः** हिजाब पहनने से इन्कार करने पर ईरानी पुलिस के हाथों मारी गई युवती महशा अमीनी की मौत के चालीसवें दिन देश के कई शहरों में लोग फिर सड़कों पर उतर आए। तेहरान में प्रदर्शनों को रोकने के लिए दंगारोधी पुलिस तैनात की गई है।

इस्लाम में मौत के चालीसवें दिन शोक मनाने की प्रथा है। ईरान के उत्तर-पशिचम में स्थित अमीनी के गृहनगर साकेज में सैकड़ों लोग मृत कार्यकर्ता की कब्र पर उमड़ पड़े। इस मौके पर लोगों ने तानाशाह मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। अमीनी की हत्या ने ईरान में इस दशक के सबसे बड़े सरकार विरोधी आंदोलन को जन्म दिया है। सरकारी मीडिया ने घोषणा की, ईरान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में सभी स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय बंद रहेंगे।

**अमेरिका ने ईरान पर कसा तंज**

अमेरिका ने ईरान पर तंज कसते हुए रूस पर बोला है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि हम चिंतित हैं कि रूस ईरान को महसा अमिनी के समर्थन में हो रहे विरोध प्रदर्शन दबाने के लिए सलाह दे सकता है क्योंकि मॉस्के के पास खुले प्रदर्शनों को दबाने का व्यापक अनुभव है। साथ ही कहा कि ईरान को हमारा संदेश स्पष्ट है, लोगों को मारना बंद करो और यूक्रेन के लोगों को मारने वाले रूस को हथियार भेजना बंद करो।

## इमरान के खिलाफ खुल कर आयी पाकिस्तान आर्मी

**इस्लामाबाद।** एक तरफ इमरान खान 28 अक्टूबर को लाहौर से इलाहाबाद का लांग मार्च करने का ऐलान किया है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान की आर्मी ने 27 अक्टूबर को ही इमरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पाकिस्तान आईएसपीआर जनरल बाबर इफ्तिखार ने एक खास प्रेस कान्फ्रेंस कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को हर बात के लिए कठघरे में खड़ा कर दिया। बाबर इफ्तिखार ने इमरान को झूठा, षड्यंत्रकारी और अपने राजनीतिक [illegible] गई। इमरान खान और तहरीक-ए-इंसाफ के लोग तथा सीधे-सीधे पाकिस्तानी आर्मी इसमें शामिल है।

मालूम हो कि पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान में इमरान खान और आर्मी के बीच काफी तल्खी चल रही है। इमरान अपनी ही आर्मी को कभी न्यूट्रल कभी मीर जाफर और मीर सादिक तो कभी जानवर कहते रहे हैं। इमरान लगातार यह कहते रहे हैं कि उनकी सरकार को गिराने में आर्मी भी शामिल थी। अभी तक आर्मी इमरान की सारी बातों को नजरअंदाज करती रही लेकिन जब पत्रकार अशरफ शरीफ की हत्या में इमरान और उनकी पार्टी पाकिस्तान आर्मी को जिम्मेदार ठहराने लगे तो आर्मी नाराज हो गई और उसने इमरान खान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख ने भी आज इमरान के सारे बयानों को धोकर रख दिया।

आईएसआई के प्रमुख ने इमरान खान के बयान को सीधे सीधे झूठ के बुनियाद पर खड़ा बयान बता दिया। आईएसपीआर और आईएसआई प्रमुख ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में खुलकर बताया कि किस तरह इमरान खान ने 17 मार्च के बाद यह कह कर तूफान खड़ा कर दिया कि अमेरिका उनकी सरकार को गिराना चाहता है और इसके लिए पाकिस्तान के सांसदों और नेताओं को मोटा पैसा और लालच दिया गया। इमरान खान ने अमेरिका में तैनात पाकिस्तान के राजनयिक द्वारा भेजे एक साइफर का हवाला देकर यह बयान जारी किया था कि किस तरह अमेरिका ने उनके विदेश मंत्रालय को धमकी दी कि यदि इमरान सरकार रहती है तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

प्रेस कान्फ्रेंस में डीजी आईएसपीआर और आईएसआई ने इमरान के सारे दावे को धो दिया और कहा कि सारा बयान झूठ पर आधारित था और मीडिया के कुछ लोगों के साथ, जिसमें केन्या में मारे गए एआरवाई के पत्रकार अशरफ शरीफ भी शामिल थे। अशरफ शरीफ ने कई बार इमरान खान का इंटरव्यू लिया और उनके बयान को आगे बढ़ाया। अब इमरान खान ने इस मामले में आर्मी की संलिप्तता बताकर एक बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। आज आर्मी ने इस बात की ओर इशारा किया कि उक्त पत्रकार को बाहर भेजने में इमरान खान की पार्टी की खैबर पख्तून की सरकार ने मदद की। आर्मी का कहना है कि पत्रकार को पाकिस्तान में कोई खतरा नहीं था। अब इस बात की तहकीकात की जा रही है। पाकिस्तान की सरकार ने एक न्यायिक आयोग बना दिया है। आर्मी ने भी अपनी ओर से जांच शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इमरान खान यदि अपना लांग मार्च जारी रखते हैं तो पाकिस्तान एक बड़े खून खराबे की ओर जा सकता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमेरिका और भारत के खिलाफ गुप्त साइबर-सेना स्थापित करने में तुर्की ने पाकिस्तान की सहायता की

**अंकारा।** तुर्की ने भारत और अमेरिका के खिलाफ साइबर-सेना बनाने में पाकिस्तान की मदद की, इसका खुलासा नार्डिक मॉनिटर ने अपनी रिपोर्ट में किया है। तुर्की ने गोपनीय तरीके से द्विपक्षीय समझौते के तहत एक साइबर सेना स्थापित करने में पाकिस्तान की मदद की, जिसका इस्तेमाल घरेलू राजनीतिक लक्ष्यों के लिए किया गया था और साथ ही अमेरिका और भारत पर हमला करने के लिए किया गया था।इसे पाकिस्तानी शासकों के खिलाफ की गई आलोचना को कम करने का निर्देश भी दिया गया था।

नार्डिक मॉनिटर ने कहा कि तुर्की ने जनमत तैयार करने के लिए, दक्षिण पूर्व एशिया में मुसलमानों के विचारों को प्रभावित करने, अमेरिका और भारत पर हमला करने और पाकिस्तानी शासकों के खिलाफ की गई आलोचना को कम करने के लिए



एक साइबर-सेना स्थापित करने में पाकिस्तान की मदद की। नार्डिक मॉनिटर की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू के साथ बैठक के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान, जो साथ ही गृह मंत्री का पद संभाल रहे थे, ने इस योजना पर बात की थी। इस योजना से परिचित सूत्रों के के हवाले से नॉर्डिक मॉनिटर ने बताया कि इस गुप्त योजना को साइबर अपराध के खिलाफ सहयोग को लेकर किए गए द्विपक्षीय समझौते के तहत छुपाया गया था, जबकि वास्तव में यह अमेरिका, भारत और अन्य विदेशी शक्तियों द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ अपनाए गए कथित प्रभावित संचालन के खिलाफ था।

इस तरह की एक इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव पहली बार 17 दिसंबर, 2018 को तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू और उनके मेजबान तत्कालीन गृह राज्यमंत्री शहरयार खान अफरीदी के बीच निजी बातचीत के दौरान रखा गया था। नॉर्डिक मॉनिटर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले पर वरिष्ठ स्तर पर चर्चा की गई और इस्लामाबाद के गृह मंत्रालय के अधिकांश कर्मचारियों से इसे गोपनीय रखा गया। इस गुप्त समझौते के बारे में पहली बार सार्वजनिक स्तर पर स्वीकृति सोयलू ने 13 अक्टूबर, 2022 को कहारमनमारस में एक स्थानीय टीवी स्टेशन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान की थी। उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संकेतों से स्पष्ट किया कि वे वास्तव में पाकिस्तान के बारे में बात कर रहे थे, जब उन्होंने एक ऐसे देश का उल्लेख किया जहां के लिए तुर्की से पांच या छह घंटे की सीधी उड़ान है। नॉर्डिक मॉनिटर ने आगे कहा कि अपने पूर्ववर्तियों के विपरीत, सोयलू ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन की ओर से साइबर स्पेस में ट्रोल और बॉट सेना चलाने में कुख्याति प्राप्त की है और सितंबर 2016 में गृह मंत्री बनने से पहले भी उन्होंने इस तरह के गुप्त अभियानों पर काम किया था।

## मेक्सिकों में समलैंगिक विवाह अब कानूनी रूप से वैध, समर्थन और विरोधी नारेबाजी के बीच विधेयक पारित

**मेक्सिको।** मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य तमाउलिपास राज्य की विधायिका ने बुधवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी। इसी के साथ ही तमाउलिपास मेक्सिको का 32वां और अंतिम राज्य बन गया है जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध घोषित कर दिया गया है। समलैंगिक विवाह को कानूनी बनाने के लिए नागरिक संहिता में संशोधन हेतु पेश विधेयक को 12 के मुकाबले 23 मतों से मंजूरी दी गई जबकि दो सदस्य अनुपस्थित रहे। इसी के साथ समलैंगिक विवाह के समर्थकों के चेहरे पर खुशी छा गई।

सदन में जब विधेयक को पारित करने के लिए पेश किया गया, तब दर्शक दीर्घा में इसके समर्थक और विरोधी मौजूद थे और नारेबाजी कर रहे थे जिसकी वजह से सदस्यों को बहस पूरी करने और मतदान करने के लिए दूसरे कक्ष में जाना पड़ा। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अर्तुरो जालदिवार ने विधेयक पारित होने का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट किया, ''पूरा देश इंद्रधनुष के रंग से चमक रहा है। सभी लोग सम्मान अधिकार के साथ रहेंगे। '' इससे पहले, दिन में दक्षिणी राज्य ग्युरेरो ने भी समलैंगिक विवाह को मंजूरी देने के लिए इसी तरह का कानून पारित किया था। गौरतलब है कि वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को रोकने वाले, राज्यों के कानून को गैर कानूनी करार दिया था, लेकिन कुछ राज्यों ने इससे संबंधित कानून में संशोधन करने में वर्षों का समय लिया।